वर्ष 24, अंक 246, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 18 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# ईरान से नहीं था कोई खतरा

## अमेरिकी प्रशासन में युद्ध को लेकर पड़ी फूट, ट्रंप के टॉप अधिकारी ने दिया इस्तीफा!

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी केंद्र के निदेशक जो केंट ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने ईरान के साथ अमेरिका के युद्ध का विरोध करते हुए कहा कि वे इस संघर्ष का समर्थन नहीं कर सकते। उनका दावा था कि अमेरिका को इस युद्ध की आवश्यकता नहीं थी, लेकिन उसने इसे इजराइल के दबाव में शुरू किया। केंट ने मंगलवार को अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा कि वे अच्छी अंतरात्मा की आवाज सुनकर ईरान के खिलाफ प्रशासन के सैन्य अभियान का समर्थन नहीं कर सकते। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने तर्क दिया कि तेहरान से अमेरिका को तत्काल कोई खतरा नहीं है और उन्होंने युद्ध के पीछे के कारणों पर सवाल उठाया। केंट ने लिखा कि ईरान से हमारे देश को कोई तत्काल खतरा नहीं था, और यह स्पष्ट है कि हमने इजरायल और उसकी शक्तिशाली अमेरिकी लॉबी के दबाव के कारण यह युद्ध शुरू




किया। अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे सैन्य संघर्षों के बीच मध्य पूर्व में तनाव लगातार बढ़ रहा है, ऐसे में केंट का इस्तीफा इसी समय आया है। संघर्ष तेज होने के बाद से प्रशासन से हुए सबसे चर्चित इस्तीफों में से एक उनका इस्तीफा है। राष्ट्रीय आतंकवाद-विरोधी केंद्र (एनसीटीसी) के निदेशक के रूप में, केंट ने देश के लिए आतंकवादी खतरों का विश्लेषण और पहचान करने के लिए जिम्मेदार एक महत्वपूर्ण अमेरिकी खुफिया निकाय का नेतृत्व किया। यह एजेंसी खुफिया समुदाय, पेंटागन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों सहित कई अमेरिकी सरकारी विभागों में आतंकवाद विरोधी खुफिया जानकारी के समन्वय में केंद्रीय भूमिका निभाती है।

### अमेरिका-इजरायल को घुटने टेकने पर मजबूर कर देंगे

**ईरान**

**ईरान** के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने मध्य पूर्व में संघर्ष विराम की संभावना को खारिज करते हुए कहा है कि अमेरिका और इजराइल को घुटने टेकने पर मजबूर किया जाएगा और दोनों को हार स्वीकार करके हजार्ना देना होगा। यह बयान अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के उस दावे के कुछ दिनों बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों में मोजतबा गंभीर रूप से घायल हो गए थे और संभवतः उनका शरीर विकृत हो गया था। रॉयटर्स द्वारा उद्धृत एक ईरानी अधिकारी के अनुसार, सर्वोच्च नेता ने कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि तेहरान अमेरिका और इजराइल से बहुत कठोर और गंभीर बदला लेगा। खबरों के मुताबिक, मोजतबा ने यह भी कहा कि क्षेत्र में शांति के लिए यह सही समय नहीं है। ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले के दो सप्ताह बाद भी दोनों पक्षों में लड़ाई जारी रही। इजराइल ने जहां लेबनान में ईरान समर्थक हिजबुल्ला के ठिकानों पर बम वर्षा की वहीं, ईरान ने जवाबी हमले के रूप में इजराइल के अलावा पड़ोसी देशों में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और तेल अवसंरचना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की।

# राज्यसभा पहुंचने के बाद नितिन नबीन का दिल्ली आगमन

## सीएम रेखा गुप्ता ने किया स्वागत

**नई दिल्ली**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा चुनाव जीतकर मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचे. दिल्ली हवाई अड्डे पर उनका जोरदार की गया. इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उनका स्वागत किया. इस मौके पर सांसद मनोज तिवारी और बांसुरी स्वराज भी मौजूद रहे. एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे थे, जिन्होंने नारे लगाकर उनका अभिनंदन किया.

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने नितिन नवीन के राज्यसभा जाने पर उनको बधाई दी. उन्होंने कहा कि बिहार की पांचों सीटों पर एनडीए को जीत मिली है, जबकि पहले यह कहा जा रहा था कि पांचवीं सीट फंस सकती है.

**पांचों सीटों पर एनडीए को मिली जीत**

मनोज तिवारी ने कहा कि विधायकों ने अंतरात्मा की आवाज पर मतदान किया और इसी कारण एनडीए पांचों सीटें जीतने में सफल रहा. उन्होंने यह भी बताया कि राज्यसभा सदस्य के तौर पर नितिन नवीन पहली



बार दिल्ली आए हैं, इसलिए हम लोगों ने उनका स्वागत किया.

वहीं सांसद बांसुरी स्वराज ने भी नितिन नवीन के राज्यसभा जाने पर उनका स्वागत किया. उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को हार्दिक बधाई. यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास नीतियों में अपार विश्वास का परिणाम है. उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी का कार्यकर्ता उनसे रूठा हुआ है.

**एनडीए की जीत पर जताई खुशी**

इससे पहले सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने राज्यसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताई थी. उन्होंने इस जीत के लिए एनडीए के सभी कार्यकताओं को बधाई दी और विजयी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दीं.

नितिन नवीन ने कहा कि बिहार के लोग एनडीए के नेतृत्व में आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं. उन्होंने आगे कहा, "कि एनडीए पूरी मजबूती से यहां के लोगों के साथ है. अब तक मैं विधानसभा में अपनी बात रखता था, अब यहां की समस्याओं को उच्च सदन में रखूंगा." उन्होंने कहा कि यह जीत न केवल मारी एकजुटता का परिणाम है, बल्कि यह पांच राज्यों में होने वाले चुनाव के पहले की एनडीए की जीत की आहट है।

### दिल्ली में फिर शुरू हुई फूल वालों की सैर, सीएम रेखा गुप्ता बोलीं- ये भाईचारे की मिसाल

**नई दिल्ली**

फूल वालों की सैर एक बार फिर दिल्ली में शुरू हो गया है. दिल्ली सचिवालय में शहनाई की धुनों के बीच इस ऐतिहासिक उत्सव की शुरूआत की गई. इस मौके पर सीएम रेखा गुप्ता समेत कई मंत्री और सामाजिक संगठनों के लोग मौजूद रहे. मुख्यमंत्री ने कहा कि फूल वालों की सैर सिर्फ एक त्योहार नहीं है, बल्कि यह दिल्ली की साझा संस्कृति और भाईचारे की मिसाल है. उन्होंने कहा कि यह परंपरा हमें याद दिलाती है कि अलग-अलग धर्म और समुदाय के लोग मिलकर भी त्योहार मना सकते हैं. जानकारी के अनुसार, यह उत्सव करीब एक हफ्ते तक चलता है. इसमें हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोग मिलकर पूजा और चादर चढ़ाने की परंपरा निभाते हैं. मेहरौली स्थित ख्वाजा बख्तियार काकी की दरगाह पर फूलों की चादर और पंखा चढ़ाया जाता है. इसके बाद फूलों का पंखा और छत्र मेहरौली के प्राचीन योगमाया मंदिर में भी अर्पित किया जाता है. सोमवार को कार्यक्रम में आयोजक संस्था अंजुमन सैर-ए-गुल फरोशां के सदस्यों ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया. उन्हें फूलों का पंखा भेंट किया गया, जो इस मेले की पुरानी परंपरा का हिस्सा है।

### शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपी मायापति दुबे पर कसा शिकंजा

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश में योगी सरकार के 'ऑपरेशन माफिया' के तहत भदोही प्रशासन ने संगठित अपराध पर बड़ी चोट की है. 69 हजार शिक्षक भर्ती घोटाले के चर्चित चेहरे और अंतरराज्यीय शिक्षा माफिया मायापति दुबे के 2 करोड़ रुपये के आर्थिक साम्राज्य को ध्वस्त कर दिया गया है. जिला मजिस्ट्रेट शैलेश कुमार के आदेश पर भदोही पुलिस ने आरोपी का ईंट भट्ठा, जेसीबी और ट्रैक्टर कुर्क कर लिए हैं।

# टीएमसी ने जारी 291 उम्मीदवारों की लिस्ट

## भवानीपुर में होगा शुभेंदु अधिकारी बनाम ममता बनर्जी

**बंगाल**

**बंगाल** विधानसभा चुनाव के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने 291 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए। ममता बनर्जी भवानीपुर से चुनाव लड़ेंगी। उम्मीदवारों की घोषणा के पहले ही पल ममता बनर्जी ने अकेले ही भाजपा को चुनौती दी। उन्होंने कहा, यह लड़ाई बंगाल के अस्तित्व को बचाने की लड़ाई है। इस चुनाव में बंगाल की जनता की जीत होगी। और भाजपा के हाथ कुछ नहीं बचेगा। उन्होंने चुनाव आयोग को मेघनाद कहकर



उसका मजाक उड़ाया। उन्होंने पूरक सूची पर भी सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल इस बार चुनाव में 226 से अधिक सीटें जीतेगी।

इस बार तृणमूल का टिकट किसे मिलेगा? कई अटकलों में अलग-अलग नाम सामने आए हैं। तृणमूल से मिली अंदरूनी जानकारी के अनुसार, ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी इस बार विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों के चयन में युवा नेताओं और उभरते सितारों पर विशेष भरोसा जताने वाली हैं। पहले ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि उम्मीदवारों की सूची में कई नए चेहरे शामिल हो सकते हैं। आखिरकार, सारा इंतजार और अटकलें खत्म हो गईं। तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई है।

### चारधाम यात्रा को लेकर भक्तों में उत्साह

# 10 दिनों में 6.17 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** की पावन धरती पर हर साल लाखों श्रद्धालुओं के कदम पड़ते हैं. केदारनाथ की ऊंची चोटियों से लेकर बद्रीनाथ के विशाल मंदिर तक, गंगोत्री की कलकल बहती धारा से लेकर यमुनोत्री के पवित्र कुंड तक. इस बार चारधाम यात्रा 2026 शुरू होने से पहले ही कुछ अलग संकेत दे रही है. जानकारी के अनुसार कपाट खुले नहीं, दर्शन हुए नहीं और पंजीकरण का आंकड़ा 6 लाख 17 हजार को पार कर चुका है. यह महज एक संख्या नहीं है, यह करोड़ों भारतीयों की आस्था की आवाज है.

**कब से शुरू होगी यात्रा?**

इस वर्ष चारों धामों के कपाट अप्रैल के तीसरे हफ्ते में खुलेंगे. यमुनोत्री और गंगोत्री के कपाट अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर 19 अप्रैल को खुलेंगे. केदारनाथ के कपाट 22 अप्रैल को और बद्रीनाथ के कपाट 23 अप्रैल को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे. बता दें कि 6 मार्च से 16 मार्च 2026 के बीच यानी केवल दस दिनों में रिकार्ड तोड़ पंजीकरण हुए



हैं.

केदारनाथ- 2,06,622
बद्रीनाथ- 1,82,212
गंगोत्री- 1,15,763
यमुनोत्री- 1,13,256

कुल मिल कर 6,17,853 पंजीकरण और यह सिलसिला रुका नहीं है. श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी का कहना है कि इस बार यात्रा काल में तीर्थयात्रियों की संख्या पिछले सभी वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ सकती है. जिस रफ्तार से पंजीकरण हो रहे हैं, वह अपने आप में असाधारण है.

**शीतकाल में भी नहीं थमी भक्ति**

धाम के कपाट बंद रहते हैं, लेकिन भक्तों के मन में श्रद्धा कभी बंद नहीं होती. शीतकालीन यात्रा वर्ष 2025-26 में 16 मार्च तक 51 हजार से अधिक श्रद्धालु शीतकालीन पूजा स्थलों पर दर्शन कर चुके हैं.

भगवान बद्रीनाथ के शीतकालीन पूजा स्थलों योग बदरी पांडुकेश्वर और नृसिंह मंदिर जोशीमठ में 20,054 भक्त पहुंचे. वहीं भगवान केदारनाथ की शीतकालीन गद्दी ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में दर्शनार्थियों की संख्या 31,736 रही।

## शिवराज का विपक्ष पर बड़ा हमला

### कांग्रेस सिर्फ 'वोट बैंक की राजनीति करती रही गरीबी नहीं हटाई



**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्यसभा में विपक्ष पर तीखा हमला बोला। उन्होंने ग्रामीण रोजगार योजनाओं के नाम बदलने को लेकर विपक्ष पर छोटी राजनीति करने और मोदी सरकार के तहत गरीबी में जी रहे लोगों को मिले वास्तविक लाभों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मूल रूप से एनआरईजीए) में किए गए बदलावों को लेकर हो रही आलोचनाओं का जवाब देते हुए चौहान ने कहा कि यह योजना महात्मा गांधी के नाम के बिना शुरू की गई थी।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए बाद में उनका नाम जोड़ा।

उन्होंने बताया कि कई योजनाओं का नाम गांधी परिवार के पूर्व प्रधानमंत्रियों - जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी - के नाम पर रखा गया है। उन्होंने दावा किया कि इससे एक परिवार की छवि को बढ़ावा मिलता है। जब कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम का उदाहरण देकर इसका खंडन किया, तो केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने हस्तक्षेप करते हुए स्पष्ट किया कि इसका नामकरण एक निजी संस्था द्वारा किया गया था, न कि सरकारी निधि से।

चौहान ने पश्चिम बंगाल के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आवंटित धनराशि का मुद्दा उठाकर बहस को और बढ़ा दिया। तब तृणमूल कांग्रेस सांसद सुखेन्दु शेखर रॉय ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए पूछा कि क्या सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र को राज्य को लंबित धनराशि जारी करने का निर्देश दिया है।

## एलपीजी संकट पर सरकार का डबल एक्शन

### विवेकपूर्ण उपयोग की अपील, कालाबाजारियों पर ताबड़तोड़ छापे

**नई दिल्ली**

**द्रवीकृत** पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की संभावित कमी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, केंद्र ने सोमवार को ईंधन के विवेकपूर्ण उपयोग का आग्रह किया और पाइपलाइन द्वारा प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के बुनियादी ढांचे के विस्तार को बढ़ावा देने का संकेत दिया। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (विपणन एवं तेल शोधन) सुजाता शर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया कि पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। प्राकृतिक गैस के



संबंध में, जैसा कि मैंने आपको बताया, भारत सरकार प्रयास कर रही है और यदि सभी वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ता पीएनजी (पेट्रोल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस) पर निर्भर हो जाएं तो यह लाभकारी होगा।

शर्मा ने बताया कि प्रवर्तन कार्रवाई के संबंध में, अब तक पिछले कुछ दिनों में लगभग बारह हजार छापे मारे गए हैं। लगभग पंद्रह हजार सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

# कुलदीप-वंशिका को आशीर्वाद देने पहुंचे सीएम योगी

## ग्रैंड रिसेप्शन में परोसा गया शुद्ध शाकाहारी खाना

**उत्तर प्रदेश**

**भारत** के स्टार 'चाइनामैन' गेंदबाज कुलदीप यादव ने 14 मार्च को अपने बचपन की दोस्त वंशिका चड्ढा से शादी रचाई थी. मोहम्मद कैफ से लेकर तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, युजवेंद्र चहल और सुरेश रैना समेत कई क्रिकेटर मसूरी पहुंचे थे, जहां कुलदीप-वंशिका का शादी समारोह हुआ था. अब 17 मार्च को उन्होंने लखनऊ में ग्रैंड रिसेप्शन दिया है, जिसमें कई वीवीआईपी गेस्ट भी आए.

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के छुए पैर**

कुलदीप यादव और वंशिका चड्ढा इस ग्रैंड रिसेप्शन का मुख्य केंद्र बने. बता दें कि यह रिसेप्शन सेरेमनी लखनऊ के सेन्ट्रम होटल में हुआ है. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी नए कपल को आशीर्वाद देने पहुंचे. कुलदीप ने योगी आदित्यनाथ के पैर छूकर आशीर्वाद भी लिया.

**विंटेज रॉल्स रॉयस में हुई थी एंट्री**

कुलदीप यादव अपनी दुल्हनिया वंशिका के साथ रॉल्स रॉयस विंटेज कार में सवार होकर शाही अंदाज में सेन्ट्रम होटल पहुंचे थे. बताया जा रहा है कि यह विंटेज कार 1960 मॉडल है और इसे खास दिल्ली से मंगवाया गया था.

**कुलदीप-वंशिका ने लूटी महफिल**

कुलदीप यादव ने ऑल-ब्लैक बंद गले का सूट पहना और वंशिका ने क्रीम रंग की स्टोन्स से जड़ी चमकीली साड़ी पहनी. दोनों



का लुक बेहद निराला और मेहमानों की भीड़ में दोनों अलग ही नजर आ रहे थे.

बता दें कि इस रिसेप्शन कार्यक्रम में भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर के अलावा ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा अपनी पत्नी के साथ पहुंचे. वहीं यशस्वी जायसवाल और शिखर धवन ने अपनी वाइफ सोफी शाइन के साथ हाजिरी लगाई.

**खाने में क्या-क्या सर्व हुआ**

सेन्ट्रम होटल में आयोजित इस कार्यक्रम की मेन्यू लिस्ट में एक से एक बढ़िया पकवान मौजूद रहे. पनीर टिक्का से लेकर दाल बाटी चूरमा और कई तरह के चावल और रोटी परोसी गईं.

खाना शुद्ध शाकाहारी रहा और मेन्यू लिस्ट में कहीं भी नॉन-वेज का जिक्र तक नहीं था।

# विधायक बारा डाक्टर ने क्षेत्र के निर्माणाधीन सड़कों सहित अन्य कार्यों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**लालापुर, प्रयागराज।** मंगलवार को विधायक बारा डाक्टर वाचस्पति ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के संग बारा क्षेत्र के निमार्णाधीन सड़कों सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया और कार्यदाई संस्थाओं को आवश्यक निर्देश दिया।

क्षेत्र में निमार्णाधीन गौहनिया में बन रहे नाला,घूरपुर -प्रतापपुर मार्ग का नव निर्माण, चिल्ला गौहानी से पुरे किन्नर संपर्क मार्ग का पुनर्निर्माण,बेलामुंडी पचवर सड़क का नव निर्माण,बुंदेला नाला पुल प्रतापपुर का नव निर्माण, कपारी जोरवट सड़क का नव निर्माण, बांदा रोड तहसील मुख्यालय बारा से कूड़ी गौहानी संपर्क मार्ग, बघोलवा आदिवासी बस्ती संपर्क मार्ग,एवं जारी नौढ़िया मार्ग के नव निर्माण, चौड़ीकरण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की जानकारी ली तथा मौके पर मौजूद कर्मचारियों, ठेकेदारों को आवश्यक निर्देश दिए। विधायक बारा डाक्टर वाचस्पति ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मौजूद कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यदि सड़क की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाई गई तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ सीधे कार्रवाई की जाएगी।सड़क के किनारे बनने वाली नाली और पटरी का निर्माण भी मानक के अनुरूप और मजबूत तरीके से कराने का निर्देश दिया।इस अवसर पर एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम, पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता के एस श्रीवास्तव, अवर अभियंता गण अमर पाल सिंह अवर अभियंता जनार्दन प्रसाद, नीरज कुमार, चंद्रशेखर, अरविंद कुमार रहे। साथ ही डाक्टर विनोद कुमार त्रिपाठी, विजय कुमार उर्फ श्यामू बिंद, नीरज केसरवानी, जगत शुक्ला, वंदना सिंह, अर्पित जायसवाल, धीरज सिंह, अशोक कुशवाहा आदि रहे।

## बारात में शामिल होने आये युवक की बाइक हुई थी चोरी : दर्ज हुआ मुकदमा

**थरवई।** 10 मार्च को बारात में शामिल होने के लिए युवक घर से बारात आया था और बाइक खड़ी करके बारात में चला गया था जब वापस आया तो बाइक गायब थी। मामला थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत बलीपुर गांव में बीते 10 मार्च को बारात में आया था युवक किराना स्टोर की दुकान पर अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक खड़ी करके बारात में शामिल होने के लिए चला गया था जब बारात से वापस आया और अपनी बाइक लेकर घर जाने के लिए बाइक के पास गया तो बाइक वहां पर नहीं थी। पीड़ित युवक वीरेंद्र कुमार पुत्र स्व मिट्ठू लाल जो थाना होलागढ़ अंतर्गत ग्राम बाहरपुर खरागापुर से बलीपुर बारात में आया था, काफी खोजबीन की लेकिन कहीं कुछ पता ना चल सका तभी युवक ने बाइक चोरी की सूचना पुलिस को लिखित रूप से थाना थरवई पर दी। इंस्पेक्टर थरवई संतोष कुमार पाण्डेय ने मामले को संज्ञान में लेते हुए सोमवार को बाइक चोरी का मुकदमा पंजीकृत करते हुए जाँच में जुटे रहे।

# जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं : राजेश शुक्ल

### नामित पार्षदों का सम्मान, जिलाध्यक्ष ने किया अभिनंदन

### रामपुर कैम्प कार्यालय में हुआ स्वागत समारोह, दी उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं

अखंड भारत संदेश




**करछना (प्रयागराज)।** यमुनापार जिला के शंकरगढ़, कोरांव, भारतगंज व सिरसा नगर पंचायतों में पार्षदों के नामित होने के बाद मंगलवार को रामपुर कैम्प कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने सभी नामित पार्षदों को अंगवस्त्र पहनाकर उनका अभिनंदन किया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

सिरसा से रिंकू पाठक, विजय शंकर, सिंटू सेठ, शंकरगढ़ से दीपक केसरवानी, नंदिनी विश्वकर्मा, अमित पटेल, कोरांव से घनश्याम स्वर्णकार, कंचन देवी, अमरेंद्र कुमार केसरी तथा भारतगंज से सुभाष कन्नौजिया, अखिलेश केसरी, प्रदीप सोनी सहित अन्य पार्षदों को सम्मानित किया गया।

सभी नामित पार्षदों ने जिलाध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार राज सभी की घोषणाएं हुईं थी। अभिनन्दन समारोह में कोरांव नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, सिरसा अध्यक्ष लखन केसरी, शंकरगढ़ अध्यक्ष प्रतिनिधि छेदीलाल कोटार्य, भारतगंज चेयरमैन प्रत्याशी रंजीत सोनी, आनंद तिवारी, सतीश विश्वकर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## तिहैता में संकुल बैठक, शिक्षा गुणवत्ता व स्मार्ट क्लास उपयोग पर जोर

**प्रयागराज।** विकास खंड कौंधियारा के न्याय पंचायत नौगवां अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय तिहैता में मार्च माह की शिक्षण संकुल उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें शिक्षक संघ के अध्यापक, प्रधानाध्यापक, शिक्षण संकुल व शिक्षामित्रों ने भाग लिया। कार्यशाला में स्कूल चलो अभियान, वार्षिक परीक्षा, मेगा पीटीएम, अभिभावक जुड़ाव, ड्रॉपआउट व आउट ऑफ स्कूल बच्चों के नामांकन तथा स्मार्ट क्लास के प्रभावी उपयोग जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।

इस अवसर पर एआरपी रामबाबू पटेल, शिक्षण संकुल रश्मि सिंह, चंदन यादव, विक्रम सिंह, प्रधानाध्यापक दीपक श्रीवास्तव, बाबू प्रसाद विश्वकर्मा, अदीबा खातून, राजेंद्र प्रजापति, रमेश चंद्र पांडे, शबनम, नीलम श्रीवास्तव, अरुण ओझा, चंदन सिंह, उर्मिला, नेहा राव, बबली जैसवाल, अर्चना मेधावी, विनोद विश्वकर्मा, पूर्णिमा सिंह, दिव्या श्रीवास्तव, अर्चना, प्रदीप सिंह, राजधार दुबे व हसीबा सहित अन्य उपस्थित रहे। अंत में रश्मि सिंह ने आभार व्यक्त किया।

## नैनी चकदोंदी में भव्य रोजा इफ्तार का आयोजन



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के चकदोंदी मोहल्ले में समाजसेवी नफीस अहमद के निवास पर मंगलवार को भव्य रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदारों ने एक साथ रोजा खोला और देश में अमन-चैन व भाईचारे की दुआ की। रमजान के पाक महीने में आयोजित इस इफ्तार में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। रोजेदारों ने खजूर खाकर रोजा खोला जिसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से नमाज अदा की। माह-ए-रमजान को रहमत और बरकत का महीनामाना जाता है जिसमें एक नेक काम का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। यही कारण है कि इस पवित्र महीने में लोग अधिक से अधिक नेक कार्यों में भाग लेते हैं और इफ्तार जैसे आयोजनों का महत्व बढ़ जाता है। इस मौके पर मो. शहजेब, फिरोज अहमद, निशार अहमद, मो. हसन, मो. हासीम, मो. वाजिद, रफत अली, इसरत सिद्दीकी, शाहजे अहमद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन के अंत में सभी ने देश और समाज में शांति, सौहार्द और खुशहाली के लिए दुआ की।

## वन भूमि पर कब्जे का आरोप : विभागीय लापरवाही और मिलीभगत पर उठे सवाल



**मांडा।** इलाकाई मांडा क्षेत्र के चफला और धरी गांवों में सैकड़ों बीघे वन भूमि होने के बावजूद उसकी सुरक्षा और संरक्षण को लेकर वन विभाग की गंभीरता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग अपनी संपत्तियों की निगरानी में लापरवाही बरत रहा है, जिसका फायदा उठाकर कुछ लोग सरकारी जमीनों पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में मौजूद वन भूमि का सही तरीके से संरक्षण नहीं हो रहा है। कई जगहों पर जमीन की स्थिति स्पष्ट नहीं होने और निगरानी के अभाव में अवैध गतिविधियां बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इस मामले में राजस्व विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में बताई जा रही है।

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि कुछ विभागीय कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से सरकारी जमीनों का भाग-दौड़ के आधार पर नामांतरण किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। यदि इन आरोपों में सच्चाई पाई जाती है तो यह सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर सकता है।

ग्रामीणों और क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है, ताकि वन भूमि की वास्तविक स्थिति सामने आ सके और यदि कहीं अनियमितता हुई है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई हो सके।

## बारी बजहिया में शिक्षक संकुल कार्यशाला संपन्न, शिक्षा सुधार पर मंथन



अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** विकास खंड कौंधियारा के न्याय पंचायत बारी बजहिया स्थित प्राथमिक विद्यालय बारी बजहिया में जनवरी माह की शिक्षक-संकुल शैक्षिक उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में संकुल के समस्त अध्यापक, प्रधानाध्यापक, शिक्षक संकुल व शिक्षामित्रों ने भाग लिया।

बैठक में स्कूल चलो अभियान, वार्षिक परीक्षा, मेगा पीटीएम, अभिभावकों की सहभागिता, ड्रॉपआउट व आउट ऑफ स्कूल बच्चों के नामांकन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधार और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया।इस दौरान अंजना साहू, सविता शर्मा, नीलम शुक्ल, राजेश सिंह, भगवत सिंह, विकास सिंह, सुरेश त्रिपाठी, विजय लक्ष्मी, गणेश मंगल सिंह, प्रकाश व आलोक सिंह उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाध्यापिका शालिनी श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# श्रीराम परमात्मा, परमेश्वर और परम प्रकाश हैं : हरिप्रप्पनाचार्य महाराज





अखंड भारत संदेश

**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिव सेवा समिति बरना द्वारा श्री रामकथा का भव्य आयोजन बरुणेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण किया गया है। जिसमें कथा व्यास हरिप्रप्पनाचार्य महाराज ने रामचरितमानस और वाल्मीकि रामायण का बालकांड भगवान श्री राम के जन्म उनके दिव्य बचपन, शिक्षा, ऋषियों की रक्षा, और सीता स्वयंवर धनुष भंग, शिव-पार्वती संवाद, राम के दिव्य स्वरूप का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान राम का आदर्श चरित्र की नींव रखता है। महाराज ने भक्तों के बीच भगवान राम के चरित्र की महिमा का अत्यंत सरल एवं भावपूर्ण भाषा में वर्णन किया उन्होंने कहा कि भगवान राम परमात्मा, परमेश्वर और परम प्रकाश हैं, वे सत्य के प्रतीक, प्रेम के सागर और न्याय के योद्धा हैं। उन्होंने अपने जीवन में सदैव न्याय और धर्म का पालन किया तथा मानव समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत किया। कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का सुंदर और भावपूर्ण वर्णन किया जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती के प्रेम तथा उनके पवित्र विवाह का अत्यंत मनोहारी चित्रण मिलता है उन्होंने कहा कि शिव और पार्वती का प्रेम त्याग, समर्पण और श्रद्धा का प्रतीक है, जो समाज के लिए आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है उन्होंने बताया कि भगवान शिव के विवाह में भगवान राम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण मानी गयी है। इस अवसर इंजीनियर घनश्याम पांडेय पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, रमेश कुमार पांडेय भाजपा नेता, संजय बनकटा, नागेंद्र सिंह, भुलेश्वर नाथ तिवारी, सुनील तिवारी कोषाध्यक्ष, समाजसेवी गरुण पांडेय, अवधेश त्रिपाठी अध्यापक, ब्रह्मा तिवारी, श्यामधर मिश्र, सालिक राम मिश्रा, घनश्याम दुबे, बीडी तिवारी, अजब नारायण तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## नैनी में दिलीप केशरवानी पार्षद नामित होने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल



**नैनी।** नैनी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा 6 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्यपाल महोदय ने नगर निगम प्रयागराज में नए पार्षदों का नामांकन किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार दिलीप केशरवानी पुत्र स्वर्गीय चन्द्र केसरवानी, निवासी काजीपुर, नैनी, प्रयागराज महानगर को नगर निगम नैनी में पार्षद के रूप में नामित किया गया है।

उनके पार्षद नामित होने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इसी कड़ी में नैनी भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अभिनंदन गेस्ट हाउस में पार्षद बनाए जाने पर दिलीप केसरवानी का भाजपा कार्यकताओं ने माला पहनकर जोरदार स्वागत किया इस मौके पर नैनी मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरि कृष्णा तिवारी बबलू, लक्ष्मीकांत तिवारी, सेक्टर संयोजक जयकिशन तिवारी, पार्षद रणविजय सिंह डब्बू, पार्षद राकेश जयसवाल, गुरु प्रसाद राव बुलबुल, पूर्व जिला अध्यक्ष महानगर युवा मोर्चा नरसिंह, महामंत्री ओमप्रकाश मिश्रा, दिनेश पटेल, उपाध्यक्ष समर सिंह, श्याम मिश्रा, धर्मराज पटेल आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित स्थानीय लोगों और समर्थकों ने उन्हें बधाई देते हुए आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र के विकास कार्यों को गति मिलेगी और जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

## बरामदे से गेहूं पार, अज्ञात चोरों ने किसान को लगाया चूना

**कौंधियारा।** कौंधियारा थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा कलां गांव में रात को अज्ञात चोरों ने एक घर के बरामदे से करीब 40 बोरी गेहूं पार कर दिया। पीड़ित लालता प्रसाद मिश्र ने बताया कि उन्होंने गेहूं बिक्री के लिए प्लास्टिक की बोरियों में रखा था। सुबह उठने पर बोरियां बिखरी मिलीं और गेहूं गायब था, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## संकुल बैठक में स्मार्ट क्लास के उपयोग व टीम भावना पर जोर



**करछना प्रयागराज।** मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय पिपरहटा में संकुल स्तर की शिक्षक बैठक आयोजित की गई, जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता सुधार, स्मार्ट क्लास के प्रभावी उपयोग और आपसी समन्वय पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में सहायक अध्यापक राहुल तिवारी ने सभी उपस्थित शिक्षकों का स्वागत करते हुए कहा कि आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं बच्चों की शिक्षा को सरल, रोचक और प्रभावशाली बनाने के लिए अत्यंत उपयोगी हैं, लेकिन इनके प्रयोग में अपेक्षित गति नहीं दिख रही है। उन्होंने शिक्षकों से इन संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए टीम भावना और आपसी सहयोग को विद्यालय की प्रगति का आधार बताया। वक्ताओं ने कहा कि यदि सभी शिक्षक एकजुट होकर कार्य करें तो शैक्षिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनिमेष, शिक्षक संकुल प्रमोद पाण्डेय, गीतारानी, अशोक अग्रहरी, संदीप यादव, मनीष, विजयबहादुर, वंदना, मधुलिका व संध्या सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह के किले तक जाने वाली सड़क बदहाल, गंदगी व दूषित पानी से राहगीर परेशान




**मांडा।** क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व वाले पूर्व प्रधानमंत्री राजा विश्वनाथ प्रताप सिंह के किले तक जाने वाले मार्ग की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। सड़क पर फैली गंदगी और घरों से निकलने वाले दूषित पानी के कारण राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार किले की ओर जाने वाली इस सड़क पर लंबे समय से सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई है। आसपास के घरों का गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता रहता है, जिससे सड़क पर कीचड़ और बदबू फैल जाती है। इसके अलावा पुलिया के दोनों तरफ घास-फूस भी उग आई है, जिससे मार्ग और संकरा व अव्यवस्थित दिखाई देता है। इससे पैदल चलने वाले लोगों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि उक्त पुलिया मार्ग से प्रतिदिन हजारों राहगीरों का आवागमन रहता है। इसके बावजूद भी सड़क की सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को रोजाना दिक्कत झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर बीडीओ अनीस अहमद और ग्राम प्रधान असद अली से कई बार शिकायत की गई, लेकिन अब तक इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क की साफ-सफाई कराई जाए, पुलिया के आसपास उगी घास-फूस को हटाया जाए और गंदे पानी के निकास की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके और क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में हुआ वार्षिकोत्सव, शिक्षा चौपाल व विदाई समारोह कार्यक्रम

### पढ़ेंगे बच्चे तो बढ़ेंगे बच्चे - मुख्य अतिथि सुमन मिश्रा

अखंड भारत संदेश

**थरवई।** विकासखंड सोरांव अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बिशुनदास का पूरा में बड़े ही भव्य तरीके से बच्चों का वार्षिकोत्सव, शिक्षा चौपाल एवं विदाई समारोह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव सुमन मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान ढ्ढँ" ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन , विद्या की देवी मां सरस्वती के माल्यार्पण एवं श्री गणेश वंदना के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में बच्चों ने मधुर - मधुर प्रस्तुतियां रहीं उपस्थित सभी ने बच्चों का तालियों के साथ उत्साह वर्धन बढ़ते रहे। इसी मौके पर स्कूल में शिक्षा चौपाल का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य सामाजिक सरोकारों से जुड़ी विभिन्न प्रकार की प्रस्तुति बच्चों ने दिया जिसमें मोबाइल के दुष्परिणाम शिक्षक और समाज के आपसी संबंध पर बहुत ही सुंदर फ्लेक्स के माध्यम से प्रस्तुति की गानों एवं कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने नारी की महत्वता को लेकर प्रस्तुति दी। अंत में कक्षा 5 वीं के बच्चों की विदाई समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को शिक्षण सामग्री के रूप में प्रोत्साहन पुरस्कार देते हुए उन्हें विदा किया गया। मुख्य अतिथि सुमन मिश्र ने अपने सम्बोधन में विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि उच्च शैक्षिक गुणवत्ता से युक्त विद्यालय है जहां बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है। और कहा कि आज बच्चों ने कार्यक्रम के माध्यम से जो प्रस्तुति दी है वह सराहनीय है यह उनकी प्रतिभा का एक प्रदर्शन और सन्देश है। शिक्षा के महत्वता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का एक बहुत ही अमूल्य अंग है। शिक्षा से समाज और संस्कार का निर्माण होता है। आये हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ के साथ उनका स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम की मुख्य संयोजका प्रधानाध्यापिका सरिता दुबे रहीं। इस मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम प्रधान पड़िला राम अचल यादव एवं ए आर पी रीता शर्मा, विपिन पाण्डेय, अखिलेश शुक्ला, संत लाल चौरसिया, नोडल शिक्षक संकुल श्वेता श्रीवास्तव, विद्यालय स्टॉफ में शिक्षिका अरुणा यादव, नीलम यादव, अर्चना यादव, आशीष सिंह, स्वाती सिंह, अजीत मिश्रा, आकांक्षा पाण्डेय आदि सभी मौजूद रहते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी की अहम भूमिका रही। वहीं बच्चों कार्यक्रम के शुभारम्भ में परेड सलामी भी दी।






# संगम नोज पर चला वृहद सफाई अभियान 300 किलो कचरा हटाया गया







**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत मंगलवार को संगम नोज स्थित घाटों पर वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिला गंगा समिति, नगर निगम और स्वच्छ कर्मियों के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस अभियान में जनजागरूकता पर भी विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी मौजूद रहे। उन्होंने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वच्छ घाट गंगा और अन्य नदियों को प्रदूषण से बचाने के साथ ही जलजनित बीमारियों की रोकथाम और पर्यटन को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं।

अभियान के दौरान विभिन्न टीमों ने घाटों पर फैले कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक और पॉलीथिन को एकत्र कर उसका निस्तारण कराया। सफाई कर्मियों ने झाड़ू लगाकर घाटों को साफ किया और प्लास्टिक कचरे को अलग कर सुरक्षित तरीके से निपटान की व्यवस्था की। इस दौरान करीब 300 किलोग्राम गीला और 12 किलोग्राम सूखा कचरा एकत्र किया गया, जिसे कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से निस्तारण के लिए भेजा गया। जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने लोगों से अपील की कि घाटों पर कूड़ा न फैलाएं और प्लास्टिक का उपयोग कम करें। वहीं, कृष्णा कुमार मौर्य ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की अपील की। अभियान के तहत लोगों को नमामि गंगे के कपड़े के बैग वितरित किए गए और स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर पार्षद सुनीता चोपड़ा, मुकेश लारा, नीरज टंडन, सियाराम मुरिया, शिवनारायण यादव, राममिलन, अरुण चौहान सहित नगर निगम के अधिकारी, सफाई कर्मी और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## गंगा में डूबे दूसरे छात्र का शव बरामद, अमेठी का रहने वाला था शुभम

**प्रयागराज।** शिवकुटी स्थित गंगेश्वर मंदिर घाट के पास गंगा में डूबे दूसरे छात्र का शव भी बरामद कर लिया गया है। मृतक की पहचान अमेठी के मुंशीगंज कमला नगर निवासी 18 वर्षीय शुभम कुमार के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार शुभम कुमार अपने साथी आयुष तिवारी के साथ गोविंदपुर स्थित एक लॉज में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। दोनों छात्र शनिवार को गंगा स्नान के लिए गए थे, इसी दौरान हादसा हो गया।घटना के बाद से ही स्थानीय प्रशासन और गोताखोरों की टीम द्वारा तलाश अभियान चलाया जा रहा था। पहले एक छात्र का शव बरामद हुआ था, जबकि दूसरे की तलाश जारी थी। अब शुभम का शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मचा है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सम्भव जनसुनवाई में समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** नगर निगम मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित ह्यसम्भवह्ल जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान पेयजल आपूर्ति, सड़क और नाली निर्माण, जल निकासी, अतिक्रमण तथा साफ-सफाई से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। नगर आयुक्त ने कहा कि जाम नालियों की सफाई, मरम्मत कार्य और आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही शहर में चबूतरे, सार्वजनिक शौचालय, पेयजल व्यवस्था, मार्ग प्रकाश और कूड़ा निस्तारण व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि हाउस टैक्स, सड़क सफाई और अतिक्रमण हटाने से जुड़े मामलों में भी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जलकल महाप्रबंधक, कर निर्धारण अधिकारी सहित सभी जोनल अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा भी की गई और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए।

# ऋण योजनाओं में ढिलाई पर डीएम सख्त एक हफ्ते में निस्तारण के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** संगम सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीएलआरसी) और जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीसीसी) की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक ऋण योजना का विमोचन भी किया गया। जिलाधिकारी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए बैंकों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों का एक सप्ताह के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में जनपद का ऋण-जमानुपात 41.65 प्रतिशत रहने पर डीएम ने कड़ी आपत्ति जताई। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सहित 40 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाले 11 बैंकों को प्रदर्शन सुधारने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश का लक्ष्य 65 प्रतिशत है, ऐसे में बैंकों को ऋण वितरण बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने होंगे।

डीएम ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी), मुद्रा योजना, स्टैंडअप इंडिया, पशुपालन, केसीसी और स्वयं सहायता समूहों को प्राथमिकता से ऋण उपलब्ध कराने को कहा। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 1765 लंबित आवेदनों पर भी नाराजगी जताते हुए जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों के आवेदन किसी भी स्थिति में अस्वीकार न किए जाएं और योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंक सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही आमजन को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया।

बैठक में विभिन्न योजनाओं—प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, मुख्यमंत्री माटी कला योजना, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण योजना, कृषि अवसंरचना निधि, फसल बीमा, अटल पेंशन योजना समेत कई योजनाओं की बैंकवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस से जुड़े मामलों के समयबद्ध निस्तारण के भी निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिता सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक मणि प्रकाश मिश्रा, भारतीय रिजर्व बैंक और नाबार्ड के अधिकारी सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# गरीब बेटियों का विवाह राष्ट्रवादी सरकार की सराहनीय सोच : राजमणि कोल

### कोरांव में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में कुल 156 जोड़ों ने एक साथ लिए सात फेरे

**अखंड भारत संदेश**




**कोरांव प्रयागराज।** गरीब बेटियों का विवाह व उन्हें एक लाख रुपए का अनुदान राष्ट्रवादी सरकार की सोच है। जिन गरीबों को अपनी बेटियों का विवाह करने के लिए सेठ साहूकारों से कर्ज लेना पड़ता था। आज उन गरीबों की बेटियों का विवाह उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार कराने का काम कर रही है।

विधायक राजमणि कोल ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। उन्होंने नव दांपत्य परिणय सूत्र के बंधन में बंधे 156 जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि राष्ट्रवादी भाजपा सरकार की सोच है कि गरीबों के बच्चे भी पढ़ लिखकर डॉक्टर इंजीनियर और अधिकारी बने। जिसके लिए श्रमिकों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए प्रदेश के सभी मंडलों में अटल आवासीय विद्यालयों का निर्माण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कराया गया है। जहां श्रमिकों के बच्चे निःशुल्क व गुणवत्ता परक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। विधायक राजमणि कोल ने विधानसभा कोरांव में कराए गए विकास कार्यों का भी जिक्र किया। विधायक ने वर वधुओं के अभिभावकों से गरीबों के सुख दुःख में काम आने वाली सरकार को चुनने का आह्वान किया। सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम को अपर शासकीय अधिवक्ता अनिल मिश्र, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चे की जिला महामंत्री संतरा देवी बिंद, प्रधान संघ के अध्यक्ष रामानुज यादव, मंडल अध्यक्ष रामराज सिंह पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष रेवती पाल, सहित कई वक्ताओं ने संबोधित कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित रहे खंड विकास अधिकारी कोरांव मनोज कुमार सिंह ने आए हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और उनका आभार जताया। खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने सामूहिक विवाह में शामिल जोड़ो की संख्या तथा उन्हें मिलने वाले लाभ अनुदान के बारे में जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी ने भी सामूहिक विवाह समारोह में एक साथ सात फेरे लेने वाले सभी पर वधुओं को आशीर्वाद दिया। एडीओ समाज कल्याण मोहम्मद आरिफ ने बताया कि 156 जोड़ों में चार जोड़े मेजा ब्लॉक से थे तो दो जोड़े मुस्लिम समुदाय के थे जिनका निकाह कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से सहायक विकास अधिकारी पंचायत विवेक मिश्र, एडीओ आईएसबी रामेश्वर सिंह, रेडियो समाज कल्याण मोहम्मद आरिफ, सुनीता शर्मा, मदन लाल बिंद, राजेश मिश्र, शिवम मिश्र समेत भारी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक तथा पर्वतों के अभिभावक परिजन शामिल रहे सामूहिक विवाह समारोह का संचालन रोज के मशहूर कवि बबलू सिंह बहियारी ने किया।

## नैनी सरगम चौराहा के पास दुकानों में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में मंगलवार भोर में सरगम चौराहे पर स्थित दुकानों में भीषण आग लग गई जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि एक दुकान से शुरू होकर देखते ही देखते तीन अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया और सभी दुकानें धू-धू कर जलने लगीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रात करीब तीन बजे बिजली की शार्ट सर्किट से लगी आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने पास की दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पानी आदि की व्यवस्था कर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। साथ ही दुकान मालिकों को भी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दुकान मालिक मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने में जुट गए। घटना की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई जिसके बाद दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। बताया जा रहा है कि आग में त्रिवेणी नगर निवासी आनंद केसरवानी की बर्तन की दुकान, उनके भाई गुलाब केसरवानी की बर्तन व किराना दुकान तथा लालजी पाल की कपड़े की दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। आग की इस घटना में दुकानों में रखा सारा सामान नष्ट हो गया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस आगजनी में करीब लाखो रुपये का नुकसान हुआ है। फिलहाल प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है और आग लगने के कारणों की पुष्टि की जा रही है।

# आज की राजनीति में बहुगुणा जैसे नेताओं की जरुरत : जस्टिस गौतम चौधरी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** सिविल लाइन स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा की 37वीं पुण्यतिथि पर मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय न्यायधीश गौतम चौधरी व स्मृति के राष्ट्रीय सचिव शेखर बहुगुणा ने प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री उ.प्र.स्व.हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर चौधरी ने कहा कि स्व.बहुगुणा ने हमेशा समाज व देश को मजबूत करने का काम किया।आज समाज को आगे बढ़ाने के लिए हेमवती नन्दन बहुगुणा जैसे नेताओं की जरुरत है।तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा।उनके कनिष्ठ पुत्र शेखर बहुगुणा ने कहा कि एच.एन.बहुगुणा ने हमेशा देश के गरीब मजदूर किसान व मजलूमों के हितों की लड़ाई लड़कर हमेशा उनको न्याय दिलाई। उन्होंने सदैव देश की एकता अखंडता और सदभावना को बनाये रखने पर काम किया जो हमारे लिए अनुकरणीय है। पुत्र शेखर बहुगुणा एवं पौत्री उत्तरा बहुगुणा ने दीप प्रज्वलन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात बहुगुणा जी की याद में सर्व-धर्म पाठ कराया गया जिसमें गीतापाठ मणि शंकर द्विवेदी, गुरु ग्रंथ साहब के शब्द नानक सिंह,कुरान मोहम्मद शाबान, बाइबल गैल्विन पादरी द्वारा किया गया।

सैकड़ों की संख्या में विभिन्न पार्टी, संगठनों एवं संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओ ने उपस्थित होकर अपने महान जन नेता को श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम का संचालन स्मृति समिति के अध्यक्ष संत प्रसाद पाण्डेय ने किया।इस अवसर पर अशफाक अहमद अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी गंगापार, राम मनोरथ सरोज, ओमप्रकाश तिवारी, मो.फारुक, डा.अमर सिंह पटेल, राजेंद्र मिश्रा बबुआन, अरुण पाठक, सुधा त्रिपाठी अध्यक्ष इनर व्हील क्लब, वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, नयन कुशवाहा, मनु कक्कर, प्रवीण पटेल ,स्वप्निल द्विवेदी, राकेश श्रीवास्तव, विपिन गुप्ता, केके तिवारी, भगवत कुशवाहा, रंजय मिश्रा, रणजीत पंडित इंटर कॉलेज से राजीव दरबारी,मानस प्रेम गौतम, शिव श्याम तिवारी, योगेश कुमार मिश्रा, अरुण कुमार, रामनरेश सिंह, गोविंद सिंह, राजेश यादव, बृजेश तिवारी,घनश्याम तिवारी, शिवचंद्र बिंद, लवकुश मिश्रा, राजबहादुर कुशवाहा, मोहम्मद शमीम, विमल मल्होत्रा, शिवम ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## मांडा कांड : बेटियों के आरोप के बाद पुलिस के तेवर बदले गहनता से जांच शुरू

**मांडा।** इलाकाई मांडा थाना क्षेत्र में बेटियों द्वारा पिता पर लगाए गए यौन शोषण के आरोप के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और मामले से जुड़े तथ्यों को जुटाने में लगी है। रविवार को 20 वर्षीय युवती अपनी मां के साथ मांडा थाने पहुंची थी और पिता पर उसका व उसकी चार बहनों का शोषण करने का आरोप लगाया था। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और आरोपों की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि अन्य बहनों के भी बयान दर्ज किए जाएंगे और जरूरत पड़ने पर चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा। इसके अलावा परिवार के अन्य सदस्यों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार मामला बेहद संवेदनशील है, इसलिए हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# घाटमपुर गौशाला का औचक निरीक्षण, साफ-सफाई व व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**कौड़िहार प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के सदस्य रमाकांत उपाध्याय ने मंगलवार को कौड़िहार ब्लॉक के ग्राम पंचायत घाटमपुर स्थित गौवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने और सभी गौवंशों की शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया। साथ ही निराश्रित गौवंशों के लिए भूसा-चारा, हरा चारा, पेयजल और प्रकाश की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। सदस्य ने कहा कि गौवंशों का नियमित टीकाकरण कराया जाए और पशु चिकित्साधिकारी समय-समय पर आश्रय स्थल का निरीक्षण करें। यदि कोई गौवंश बीमार मिले तो उसे अलग रखकर उचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## पत्रकार की मां के असमय निधन से घर में शोक की लहर पूरे विधि विधान से हुआ अंतिम संस्कार

### लंबी बीमारी के बाद बीते रविवार को प्रातः अचानक मिली राजकुमारी देवी के निधन की सूचना से सदमें में हैं परिजन



**मेजा।** मेजा तहसील क्षेत्र के सोरांव पांती गांव में बीते रविवार को प्रातः उस वक्त शोक की लहर दौड़ गई जब एक हिंदी दैनिक अखबार के तेज तर्रार पत्रकार राजेश कुमार गौड़ (बाबा भाई जी) की 68 वर्षीय पूज्यनीय माता जी श्रीमती राजकुमारी देवी पत्नी शंकर लाल गौड़ की लंबी बीमारी के बाद आकस्मिक निधन की सूचना मिली। माता जी के निधन की जानकारी मिलते ही घर परिवार,पास पड़ोस और गांव के अलावा पूरे क्षेत्र में मातम छा गया और देखते ही देखते मेजारोड रेलवे स्टेशन के समीप स्थित उनके निजी आवास पर शुभचिंतकों, नात रिश्तेदारों, ईष्ट मित्रों तथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग संवेदना व्यक्त करने कलम के सिपाही के घर पहुंच कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया और शोक संतृप्त परिवार को ढाढस बढ़ाया। तपश्चात उसी दिन सिरसा के छतवा गंगा घाट पर पूरे विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान अंतिम यात्रा में बड़ी तादात में पूरे इलाके के लोग शामिल रहे। सभी लोगों ने सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया और इस पहाड़ जैसे दुख की घड़ी में परिजनों को दुख सहन करने के लिए प्रभु श्रीराम से प्रार्थना किया। फिलहाल पत्रकार की माता जी के असमय निधन से घर में मातम का माहौल है।

# प्रशिक्षण से सशक्त होगा संगठन, कार्यकर्ताओं में बढ़ेगी वैचारिक मजबूती : राजेश शुक्ल

- भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान के तहत नारीबारी मंडल में दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ
- विचारधारा, इतिहास और कार्यपद्धति पर मंथन, कई सत्रों में कार्यकताओं को मिला मार्गदर्शन



**जारी (प्रयागराज)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत यमुनापार जिले के नारीबारी मंडल में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ मंगलवार को सायं चन्द्रमुखी गेस्ट हाउस, जारी गड़ैया में हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल ने दीप प्रज्वलन एवं वंदेमातरम गायन के साथ कार्यक्रम का विधिवत आरंभ किया।

मुख्य अतिथि राजेश शुक्ल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा, इतिहास एवं कार्यपद्धति का ज्ञान होने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने भारतीय जनसंघ के गठन, आपातकाल के दौरान संघर्ष, जनसंघ से भाजपा तक की यात्रा और लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चले आंदोलन का उल्लेख करते हुए अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में बनी सरकार तक के संघर्षपूर्ण इतिहास को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला संगठन है। पार्टी की पंचनिष्ठाओं, एकात्म मानव दर्शन, मूल्य आधारित राजनीति और लोकतंत्र के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कार्यकताओं से निरंतर सीखने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में काशी क्षेत्र किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ने ह्वैचारिक अधिष्ठानह्व विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा हम लोग भारत माता की जय वंदेमातरम की जयघोष करते है। जबकि तृतीय सत्र में क्षेत्रीय अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अश्वनी सिंह पटेल ने संगठन की कार्यपद्धति एवं कार्यकताओं की भूमिका पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आशीष पाल ने की तथा अतिथियों का स्वागत किया। संचालन पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने किया।

कार्यशाला में जिला मीडिया प्रभारी एवं वर्ग प्रमुख दिलीप कुमार चतुर्वेदी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय, भाजपा नेता डॉ. देवी सिंह, जिला सह-संयोजक नरेश सोनकर, कुलदीप पाठक, नंद कुमार त्रिपाठी, सुधाकर सिंह, अनूराग पांडेय द्विजेश पांडेय, मिथिलेश पांडेय, प्रदीप मिश्र,धर्मराज पाल, शीला सिंह, गुड़िया देवी, अनुराधा शुक्ला सहित जिला व मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शक्ति केंद्र संयोजक एवं विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित रहे।

जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को चार अलग-अलग सत्रों में विभिन्न वक्ताओं द्वारा 24 घंटे के प्रवासीय प्रशिक्षण के अंतर्गत संगठनात्मक विषयों पर कार्यकताओं को विस्तृत मार्गदर्शन दिया जाएगा।

## बार एसोसिएशन बारा के अधिवक्ताओं की सप्ताह भर से हड़ताल निरंतर जारी




**लालापुर,प्रयागराज।** बार एसोसिएशन बारा के अधिवक्ताओं की सप्ताह भर से चल रही हड़ताल रुकने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार को भी अधिवक्ता तहसील परिसर में दरी बिछा कर बैठे रहे और तहसील प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

अधिवक्ता संघ बारा के अधिवक्ता विभिन्न न्यायालयों में लंबित वादों के समय से निस्तारण न होने और विवादित वादों के निर्णय की समय सीमा के अंदर घोषित न करने आदि मांगों को लेकर बुधवार से तहसील के सभी न्यायालयों का बहिष्कार कर रहे हैं। हड़ताल कर रहे अधिवक्ताओं का कहना है कि मांगे न माने जाने तक हड़ताल जारी रहेगी।इस अवसर पर अध्यक्ष बीरेंद्र यादव,पूर्व अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद पाठक,शरद चन्द्र मिश्रा,मंत्री अनिल कुमार द्विवेदी, रूपेश त्रिपाठी, बृजेश द्विवेदी,राजन पांडेय, राकेश त्रिपाठी, प्रदीप मिश्र,अजय कुमार त्रिपाठी, निर्भय शंकर दुबे,जय सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# अयोध्या को हराकर स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर बना विजेता

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश सरकार और जिला खेल कार्यालय प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में पिछले 13 मार्च से आयोजित की जा रही राज्य महिला आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता का समापन हो गया। फाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर और बालिका छात्रावास अयोध्या के बीच खेला गया दोनों ही टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। अयोध्या के दो गोल के मुकाबले स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने 3 गोला दागकर विजेता होने का गौरव हासिल किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य और जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विधायक सदर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने खिलाड़ियों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। भारत विकास परिषद और विधायक की तरफ से प्रतियोगिता के सभी खिलाड़ियों और निर्णायकों को जनपद की मशहूर आंवले से बने उत्पाद भी दिए गये। खेलप्रेमी अभिषेक श्रीवास्तव की तरफ से सभी महिला खिलाड़ियों के लिए सैनेट्री पैड भी वितरित किया गया। पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अमजद खान ने गोरखपुर की टीम को 1100, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय उपाध्याय ने गोरखपुर की टीम को 1100, अयोध्या की खिलाड़ी श्रद्धा चैहान को 501 रुपए, विभूति पांडे की तरफ से दोनों ही टीमों को 200-200 रुपए, रवींद्र नाथ मिश्रा की तरफ से फाइनल मुकाबले की बेस्ट प्लेयर अयोध्या की खुशी उपाध्याय को चुना गया। प्रतियोगिता के सभी मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरूस्कार अनवर हॉकी सोसायटी की तरफ से दिया गया और प्रतियोगिता के विजेता और उपविजेता टीमों को चमचमाती ट्रॉफी हॉकी प्रतापगढ़ के सचिव आजम अली की तरफ से दी गई। भारत विकास परिषद की तरफ से अध्यक्ष अश्वनी वैष्णव, सचिव शरद केशरवानी, डॉक्टर उदयभान सिंह सदस्य, गोविंद खंडेलवाल अपने समस्त सदस्यों के साथ उपस्थित रहे। इस मौके पर शहर के बहुत ही गणमान्य और खेलप्रेमी जिनमें प्रमुख रूप से परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, प्रभारी जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह, स्काउट शिक्षक सुशील सिंह सिंह, अपना दल एस के विधि प्रकोष्ठ के सचिव परमानन्द मिश्रा, भाजपा जिला प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ला, सेवानिवृत्त क्षेत्राधिकारी केपी सिंह, वरिष्ठ पत्रकार चिंतामणि पाण्डेय, अजय सिंह, सब इंस्टेक्टर बैडमिंटन खिलाड़ी सुशील सिंह, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी रवि पांडे, सुल्तानपुर के क्रीड़ाधिकारी राजेश सोनकर, पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अशोक पांडे उर्फ अंतू भैया, डॉक्टर शमीम, गंगा पांडे, विभूति पांडे, श्याम बाबू यादव, विनोद यादव, कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस मौके पर एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, कबड्डी प्रशिक्षक जय प्रकाश यादव, कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, तलवारबाजी प्रशिक्षक लवली मिश्र, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह उपस्थित रहे। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज और उप खेल अधिकारी रंजीत यादव ने संयुक्त रूप से सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन समारोह का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया। गोरखपुर की विजेता टीम में सृष्टि यादव, ममता कुमारी, आराध्या राज, पल्लवी केशरवानी, आराधना यादव, रोमा यादव, वर्षा सिंह, रश्मि पटेल, आर्किया कुमारी, आद्या यादव, आकांक्षा मित्रा, नंदिनी, वैशाली सेन, रिया द्विवेदी, दिव्य यादव, अन्नू वर्मा तथा उप विजेता महिला छात्रावास अयोध्या में शिवानी शर्मा, निधि, अपराजिता, कविता विश्वकर्मा, बबीता पाल, रूबी यादव, श्रद्धा चैहान, राखी पासवान, ऋचा यादव, खुशी उपाध्याय, सुरभि चैहान, प्रतिमा वर्धन, विभा कटियार, आरती प्रजापति, मान्या, शम्भवी रही।

## सांप के काटने से किशोर की हालत बिगड़ी

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के बहुता गांव में मंगलवार को सांप के काटने से एक किशोर की हालत बिगड़ गई, परिजनों ने आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया। बहुता गांव निवासी अभिषेक गौड़ (12) पुत्र राम लवट के घर मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे मिस्त्री काम करने आया था। घर में रखे सामान को बारजे से नीचे उतारने के लिए अभिषेक को भेजा गया। आरोप है कि जैसे ही वह लकड़ी के पास पहुंचा, वहां छिपे सांप ने उसकी उंगली में काट लिया। किशोर ने तुरंत घर आकर परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिजन सांप को एक डिब्बे में बंद कर उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने किशोर को भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया है। घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है, वहीं डॉक्टरों की निगरानी में किशोर की हालत पर नजर रखी जा रही है।

## महिला के साथ मारपीट व धमकी दर्ज हुआ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** महिला के साथ मारपीट व जानलेवा धमकी को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के जोगापुर गांव की सुदामा देवी पत्नी छेदीलाल सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर बीती सोलह सितंबर को सुबह करीब साढ़े दस बजे गांव के राममिलन की पत्नी कुसुमा पुत्री सीमा, राम बहादुर की पत्नी व कुमारा पत्नी कृष्णलाल ने गालीगलौज करते हुए मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**पट्टी।** अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पट्टी पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए थाना पट्टी पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना पट्टी के उपनिरीक्षक अजय अंचल ने हमराही कांस्टेबल पंकज यादव के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग तथा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की तलाश के दौरान कार्रवाई की। थाना आसपुर देवसरा से संबंधित वारंटी अभियुक्त मगरू पुत्र राम अवतार (50), निवासी बिरौती थाना पट्टी को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश गया है।

## पति ने पत्नी पर ईंट से किया हमला, घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के बेलसंडी गांव से घरेलू हिंसा का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक विवाहिता को उसके ही पति ने बेरहमी से पीट दिया। आरोप है कि विवाद के दौरान पति ने ईंट से सिर पर वार कर दिया, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता राधा पत्नी महेंद्र ने पुलिस को दी गई नामजद तहरीर में बताया कि वह सामान की खरीदारी करने पट्टी कस्बा गई थी। घर लौटने पर किसी बात को लेकर पति गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर मामला इतना बढ़ गया कि पति ने ईंट उठाकर उसके सिर पर हमला कर दिया। हमले में राधा का सिर फट गया और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। परिजनों और आसपास के लोगों की मदद से उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने शिवम् गैस एजेन्सी के कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने जनमानस को गैस सिलेण्डर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के द्दष्टिगत कम्पनी गार्डेन के सामने स्थित शिवम् गैस एजेन्सी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय पर लगी भीड़ को लेकर शिवम् गैस एजेन्सी के कर्मचारियों को डीएम ने फटकार लगायी और निर्देशित किया कि लोगो को पर्ची जल्द से जल्द दिया जाये जिससे वें गैस सिलेण्डर प्राप्त कर सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को पर्ची वितरण की प्रक्रिया को तेज किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से इंतजार न करना पड़े और समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर डीएम ने वहां पर उपस्थित जनसामान्य से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना तथा एजेन्सी के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## शशि प्रभा बनी नगर पंचायत कुंडा की नामित सभासद



**कुंडा प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय सदस्य शशि प्रभा पाण्डेय को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगर पंचायत कुंडा से सभासद नामित किया गया। सोमवार को देर रात्रि सूची आई तो जानकारी हुई। कुंडा से सिद्धार्थ शंकर श्रीवास्तव, सुनील केसरवानी एवं शशि प्रभा पाण्डेय को नामित सभासद बनाया है। कार्यकताओं में खुशी की लहर है।पूर्व सांसद विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी एवं प्रतिनिधि भूपेन्द्र पाण्डेय ने सभी नामित सभासदो को बधाई दी। अब नगर के विकास कार्यों को तेजी से बढ़ाया जायेगा।

## अधिवक्ता के साथ मारपीट का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** अधिवक्ता के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे लोका गांव निवासी अधिवक्ता दीपक कुमार द्विवेदी पुत्र जगदीश प्रसाद द्विवेदी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह मार्च को दोपहर करीब तीन बजे जमीन सम्बन्धी विवाद को लेकर रामसिंह पुत्र इंद्रपाल सिंह व माया देवी पत्नी अमरजीत सिंह ने उसे मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत बनाता है होली मिलन : अश्वनी सोनी

### स्वर्णकार सरार्फा एसोसिएशन द्वारा आयोजित हुआ होली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** नगर क्षेत्र के रामलीला मैदान निकट स्थित एक मैरिज हॉल में स्वर्णकार सरार्फा एसोसिएशन द्वारा होली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एशोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष सोनी व संरक्षक अश्वनी कुमार सोनी के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर उपस्थित समाज के लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाइयां दी। कार्यक्रम के दौरान समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। संगठन के अध्यक्ष सुभाष सोनी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता,आपसी भाईचारा और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए एसोशिएशन के संरक्षक अश्वनी सोनी ने कहा कि रंगों के इस पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को और अधिक मजबूत करते हैं। साथ ही प्रतिभावान बच्चों एवं युवाओं का सम्मान करना उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायक कदम है। इस मौके पर मीडिया प्रभारी सूरज सोनी, प्रदीप सोनी, रोहित सोनी मिसिरपुर, विजय सोनी आजाद, विनय सोनी एड0, शीतला प्रसाद सोनी, अनुराग सोनी, जयदीप सोनी, आलोक सोनी, मोनू सोनी, विरेन्द्र सोनी, नन्दन सोनी, कुलदीप सोनी रामपुर बावली, रामचन्द्र सोनी, लवकुश सोनी, सजन लाल सोनी, अयोध्या सोनी, रिंकू सोनी नासिक, राकेश सोनी, रोहित सोनी नेवादा, अरविन्द सोनी सैफाबाद, बिन्देश्वरी सोनी, अभिषेक सोनी, शिवकुमार सोनी, निहाल सोनी, संजय सोनी, सोनू सोनी, दिनेश सोनी, गोविन्द सोनी, राजेन्द्र सोनी, कृष्ण कुमार सोनी, अनिल सेठ सहित समाज के आदि मौजूद रहे।

## किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित का आरोप है कि बीती पन्द्रह मार्च की रात करीब ग्यारह बजे जौनपुर जिले के दौलतपुर पिल्किछा निवासी सचिन बिंद पुत्र उदयराज बिंद अपने दो अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बैठक 20 मार्च को

**प्रतापगढ़।** खण्ड विकास अधिकारी मंगरौरा ने बताया है कि प्रमुख क्षेत्र पंचायत मंगरौरा की अध्यक्षता में विकास खण्ड मंगरौरा के सर्वांगीण विकास पर चर्चा हेतु क्षेत्र पंचायत की सामान्य बैठक दिनांक 20 मार्च 2026 को पूर्वान्ह 11 बजे विकास खण्ड सभागार में आहूत की गयी है।

## दो शिक्षिका के साथ छिनैती मामले में दर्ज हुआ केस

**लालगंज।** दो अलग अलग जगहों पर शिक्षिका के साथ छिनैती व छिनैती का प्रयास की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के शीतलमऊ की शालिनी बाला सिंह पत्नी महेन्द्र प्रताप सिंह राजकीय बालिका इण्टर कालेज शीतलमऊ में शिक्षिका हैं। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सोलह मार्च को सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह घर से कॉलेज जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में गौतमपुर के समीप अचानक बाइक से दो बदमाश पहुंचे और शिक्षिका के स्कूटी के आगे आकर उसकी सोने की बाली व चेन छीनने लगे। हिम्मत दिखाते हुए शिक्षिका ने सोने की चेन को बगल गेहूं के खेत में फेंक दिया और शोर मचाया तो बदमाश भाग निकले। खोजबीन के बाद शिक्षिका की चेन खेत से बरामद हो गयी। मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी घटना में सदर कोतवाली के अष्टभुजा नगर निवासी उपेन्द्र बहादुर सिंह पुत्र स्व0 अयोध्या प्रसाद सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनकी बहू माया सिंह पत्नी शशांक सिंह लीलापुर थानान्तर्गत प्राथमिक विद्यालय पूरनपुर खजूर में शिक्षिका है। बीते सोलह मार्च को सुबह करीब ग्यारह बजे वह विद्यालय में परीक्षा कार्य सम्पन्न करा रही थी। आरोप है कि इसी बीच बाइक से आये दो बदमाश विद्यालय में घुस आये और शिक्षिका के गले की चेन छीनने लगे। छीना झपटी में बदमाश शिक्षिका की आधी चेन लेकर भाग निकले जबकि आधी शिक्षिका के हाथ में ही रह गयी। थाना प्रभारी वैकुण्ठनाथ पाण्डेय ने कहा कि जांच के बाद बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

## स्कूटी से गिरकर बैंककर्मी घायल

**पट्टी।** कस्बे के मेला मैदान स्थित आशीर्वाद गोल्ड लोन बाईपास पर एक सड़क हादसे में बैंक कर्मचारी शशि (24) घायल हो गईं। वह उक्त बैंक में कार्यरत हैं और रोज की तरह मंगलवार सुबह अपने आवास से स्कूटी से ड्यूटी के लिए निकली थीं। बताया जाता है कि जैसे ही वह मेला मैदान के पास पहुंचीं, सामने से अचानक एक कार और साइकिल आ जाने से उनकी स्कूटी अनियंत्रित हो गई। संतुलन बिगड़ते ही वह सड़क पर गिर पड़ीं और घायल हो गईं। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्थानीय लोगों ने सड़क पर बढ़ते यातायात और लापरवाही से वाहन चलाने पर चिंता जताई है।

## किशोरी ने की आत्महत्या, कोहराम

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** घर के अंदर किशोरी के द्वारा आत्महत्या को लेकर परिजनो में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के डगरारा गांव में शिवकुमार वर्मा की पुत्री कविता 16 ने मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे घर के अंदर दुपटटे के सहारे फांसी लगा ली। घटना के समय मृतका किशोरी की मां खेत गयी थी। मृतका का पिता कारोबारी के सिलसिले में बाहर रहता है। चर्चा के मुताबिक घटना की सुबह किशोरी का अपने छोटे भाई से विवाद हो गया। अचानक किशोरी के आत्महत्या की खबर मिलते ही उसकी मां बदहवाश होकर घर पहुंची। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया।

# राष्ट्रीय एवं सामाजिक सरोकार की मजबूती में रचनात्मकता है महत्वपूर्ण : प्रो0 ओझा

### सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी महाविद्यालय के एनएसएस के विशेष शिविर का हुआ समारोहपूर्वक शुभारंभ

अखंड भारत संदेश




**लालगंज।** नगर स्थित सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के संस्थापक एवं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा, समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र एवं आचार्य रामअवधेश मिश्र के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के जरिए हुआ। शिविरार्थी छात्रा अनुष्का शुक्ला व प्रियांशी तथा जान्हवी मिश्रा एवं सान्या मिश्रा के द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान एवं शिविरार्थी छात्रा सुहानी मोदनवाल व पूर्वा शुक्ला के द्वारा लक्ष्य गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह द्वारा स्वागत भाषण एवं कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 सुरभि सिंह द्वारा शिविर के उददेश्य पर प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा ने छात्र छात्राओं से भविष्य निर्माण के प्रति रचनात्मक विचारधारा को मजबूत बनाने का आहवान किया। उन्होने कहा कि युवा शक्ति के संस्कृतिपरक रचनात्मक व्यक्तित्व के द्वारा ही राष्ट्र एवं समाज की प्रगति आगे बढ़ सकती है। प्रो0 ओझा ने शिविरार्थियों से सामाजिक सरोकार के प्रति भी अभिरूचि के साथ पठन पाठन को मुख्य लक्ष्य बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी डॉ0 मानवेन्द्र शर्मा व अतिथि वक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने पौधरोपण व स्वच्छता की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। एसबीएम ग्रुप के निदेशक आचार्य राम अवधेश मिश्र तथा एनएसएस के जिला नोडल अधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र व संचालन कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 रजनीश पाण्डेय ने किया। आभार प्रदर्शन प्राचार्य डॉ0 अमित सिंह ने किया। समारोह का संयोजन निदेशक डॉ0 संदीप मिश्र द्वारा किया गया।

# मण्डलायुक्त ने कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों पटलों का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों कामिर्कों को दिए आवश्यक निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने मंगलवार को जनपद कौशाम्बी के कलेक्ट्रेट में स्थित विभिन्न कार्यालयों/पटलों का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों/ कामिर्कों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए मण्डलायुक्त ने न्यायालय अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) के निरीक्षण के दौरान लम्बित मामलों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि विधिसम्मत अभियोजन की कार्यवाही करते हुए समयबद्ध रूप से मामलों का निस्तारण किया जाय। उन्होंने न्यायालय उप संचालक/बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के निरीक्षण के दौरान चकबन्दी के मामलों की जानकारी प्राप्त



करते हुए लम्बित मामलों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नजारत अनुभाग के निरीक्षण के दौरान चतुर्थ श्रेणी एवं वाहन चालकों की सर्विस बुक के अवलोकन के दौरान नाजिर से कहा कि सर्विस बुक में नामिनी का विवरण भी अंकित किया जाय तथा सर्विस बुक को अपडेट रखी जाय। मण्डलायुक्त ने अंग्रेजी अभिलेखपाल कक्ष के निरीक्षण के दौरान पटल सहायक से उनके कार्यो की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि शासन या विभिन्न विभागों से प्राप्त होने वाले डॉक को तत्काल सम्बन्धित विभाग/पटल को प्रेषित कर दिया जाय। उन्होंने भूलेख कक्ष के निरीक्षण के दौरान पटल सहायक से लम्बित पेंशन प्रकरण एवं कामिर्कों के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही आदि की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि कामिर्कों का विवरण मानव सम्पदा पोर्टल पर भी अपडेट रखा जाय। उन्होंने वरिष्ठ लेखा लिपिक अनुभाग के निरीक्षण के दौरान लिपिक एव नायब तहसीलदार के सर्विस बुक के अवलोकन के दौरान कहा कि सर्विस बुक में सभी सूचनाएं अपडेट रखी जाय। उन्होंने संग्रह अनुभाग के निरीक्षण के दौरान आर.सी. वसूली पंजिका का अवलोकन करते हुए पटल सहायक से आर.सी. वसूली की जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने रिकार्ड रूम के निरीक्षण के दौरान पटल सहायक से नकल के लिए प्राप्त आवेदनों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि आवेदकों को समय से नकल की प्रति उपलब्ध कराई जाय। उन्होंने आई.जी.आर.एस. कक्ष के निरीक्षण के दौरान कहा कि शिकायतकर्ताओं से उनके शिकायत निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाय। उन्होंने दैवीय आपदा कक्ष के निरीक्षण के दौरान लम्बित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि प्रकरण का निस्तारण समयबद्ध किया जाय।इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी वि./रा. शालिनी प्रभाकर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ओम प्रकाश, उप जिलाधिकारी गण आकाश सिंह व अजेन्द्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में की समीक्षा बैठक

**कौशांबी।** मण्डलायुक्त रोल प्रेक्षक सौम्या अग्रवाल ने मंगलवार को एन.आई.सी. सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ अहर्ता दिनांक 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त दावे/आपत्तियों/नोटिसों की सुनवाई एवं द्वितीय भ्रमण रिपोर्ट के लिए नियत बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक की। बैठक में मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि जनपद में जिन मतदेय स्थलो पर सबसे अधिक परिवर्धन/अपमार्जन हुए हां, उन मतदेय स्थलों की जॉच ई.आर.ओ. द्वारा की जाएगी एवं 18-19 वर्ष आयु एवं महिला मतदाताओं के अधिक से अधिक नाम सम्मिलित कराने की कार्यवाही करायी जाए। ई.आर.ओ. नेट पर सुपर चेकिंग के लिये प्राप्त फार्मों की जॉच पुनः करा ली जाय। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जनपद के बार्डर एरिया के मतदेय स्थलों की मतदाता सूची एवं महत्वपूर्ण निर्वाचकों की सूची का सत्यापन अवश्य रूप से करा लिया जाय बैठक में जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शालिनी प्रभाकर, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश, उप जिलाधिकारीगण आकाश सिंह व अजेन्द्र सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गैस एजेंसी पर फूटा उपभोक्ताओं का गुस्सा

## होम डिलीवरी ठप होने से सैकड़ों लोग धूप में लाइन लगाने को मजबूर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सराय अकिल क्षेत्र स्थित दोआबा गैस एजेंसी द्वारा होम डिलीवरी सेवा बंद किए जाने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है हालात ऐसे हैं कि सैकड़ों की संख्या में उपभोक्ताओं को तपती धूप में घंटों लाइन लगाकर गैस सिलेंडर लेने को मजबूर होना पड़ रह हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि पहले जहां घर तक आसानी से सिलेंडर पहुंच जाता था, वहीं अब एजेंसी की लापरवाही के चलते खुद आकर सिलेंडर उठाना पड़ रहा है। भीषण गमी में महिलाओं,बुजुर्गो और बच्चों तक को लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है, जिससे नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है।मंगलवार को एजेंसी परिसर के बाहर भारी भीड़ देखने को मिली।सिलेंडर की पर्याप्त उपलब्धता न होने के कारण कई लोगों को खाली हाथ लौटना




पड़ा, जिससे आक्रोश और ज्यादा भड़क गया। लोगों ने जल्द से जल्द होम डिलीवरी व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं इस पूरे मामले में एजेंसी की ओर से कोई स्पष्ट जवाब सामने नहीं आया है। हालांकि अन्य एजेंसियों में भी गैस सिलेंडर रिफिल के लिए उपभोक्ता परेशान दिखाई पड़ा है होम डिलीवरी किए जाने का आदेश जिला अधिकारी द्वारा दिया गया है लेकिन एजेंसी संचालकों द्वारा होम डिलीवरी में लापरवाही बरती जा रही है जिससे उपभोक्ताओं की समस्या बरकरार है। अधिकारियों ने स्पष्ट कहां की एजेंसी में लाइन नहीं लगाई जाएगी सिलेंडर घर पहुंचेंगे लेकिन ना तो सिलेंडर घर पहुंच रहे हैं और ना लाइन लगाने की छूट दी जा रही है जिससे उपभोक्ताओं के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी है।

# एक करोड़ मजदूर परिवारों का पिछले 75 दिनों से नहीं मिला मनरेगा मजदूरी का भुगतान : गौरव पाण्डेय

**कौशांबी।** कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष कांग्रेस गौरव पाण्डेय के नेतृत्व में मंगलवार को विकास भवन कार्यालय का घेराव किया घेराव का मकसद केंद्र और राज्य सरकार में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य करने वाले लगभग एक करोड़ मजदूर परिवारों का पिछले 75 दिनों से उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है इसी क्रम में कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर प्रदर्शन करते हुए सीडीओ के माध्यम से राज्यपाल महोदय को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया इस दौरान जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने कहा कि भाजपा सरकार गरीब मजदूरों का अधिकार छीन रही है उन्हें उनके मजदूरी का पैसा भी नहीं दिया जाता साथ ही 8 महीनों से ग्राम सेवकों सहित 40000 संविदा कमियों का 8 महीनों से भुगतान नहीं किया मजदूरों को उनकी मजदूरी का पैसा जो सरकार नहीं देती वो भला इनके लिए और क्या ही करेगी। कांग्रेस पाटी गरीब मजदूरों के साथ खड़ी है और उनका मौलिक अधिकार दिला कर रहेंगे! तत्पश्चात कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार जो मनरेगा का नाम बदल रही है उसी आड़ में इस योजना को समाप्त करने के फिराक में भाजपा है इसी लिए गरीब मजदूरों की मजदूरी का पैसा भी नहीं देना चाहती है जो सरकार मजदूरों की मजदूरी नहीं देती वो कहती है कि हमारी पाटी गरीबों की हितैषी है ये भाजपा सरकार केवल चंद उद्योगपतियों की सरकार है न कि गरीबों की ! लेकिन कांग्रेस पाटी हमेशा गरीबों मध्यम वर्ग की पाटी रही है और हमेशा उनकी जरूरतों को ध्यान में रखकर कुशल फैसला लेती थी! नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पाटी ने गरीबों के लिए तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाया लेकिन वतर्मान भाजपा सरकार ने उन योजनाओं का नाम बदलकर उसे धीरे से समाप्त कर दिया ये सरकार मजदूर विरोधी है इनके पास केवल अमीरों को अमीर करने के लिए सारे उपाय हैं लेकिन गरीब की जीविका कैसे चले उसके लिए कोई उपाय नहीं है।

## विकास भवन का घेराव कर कांग्रेस नेताओं ने कहा गरीब मजदूर विरोधी है भाजपा सरकार




## न्यूज झरोखा

### राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस सड़क सुरक्षा पर जागरूकता




**कौशांबी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राथमिक विद्यालय पाता मंझनपुर में किया जा रहा है। चौथे दिन शिविर की शुरुआत प्रातः काल कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन कुमार के मार्गदर्शन में शिविरार्थियों के योगाभ्यास से हुआ तत्पश्चात नास्ता एवं श्रम दान के लिए टीम अ रन्नू किरन अंजली, इन्द्रनारायण,अकबर,हिमांशु , खुशी आदि द्वारा अम्बेडकर नगर वॉर्ड क्षेत्र में स्वच्छता का कार्यक्रम किया गया टीम इ भोजन समिति के करिश्मा नीलम,अंतिम, अमृता,रोशनी,रचना स्मिता श्रेया, गंगा आदि के द्वारा भोजन निर्माण किया गया। जनपद कौशाम्बी के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तारकेश्वर मल्ल शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में अपनी टीम के साथ उपस्थित हुए जिन्होंने मां सरस्वती का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में बताया कि ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए लापरवाही के कारण अक्सर दुर्घटनाएं हो जाती है, अधिकांशतः दुर्घटनाएं दो पहिया वाहनों में हेलमेट न लगाने के कारण गंभीर परिणाम भुगतने पड़ते है उन्होंने 5 ए की चर्चा की इसमें ए का अर्थ एजुकेशन, इंजीनियरिंग एन्वायरमेंट इंफोर्समेंट ऐंड इमरजेंसी होता है इसके द्वारा हम दुर्घटनाओं से बहुत हद तक हम बच सकते हैं। ततपश्चात क्षेत्र में सड़क सुरक्षा विषय पर शिवराथियों द्वारा रैली निकाली गई जिसमें टीम उ सांस्कृतिक समिति शबनम सोनाली संजना अमृता नगीना अखिलेश राजेश्वरी, तनु पायल, प्रीति एवं सरस्वती द्वारा सड़क सुरक्षा विषय पर भावनात्मक नुक्कड़ नाटक किया गया शिविर के अनुशासन का कार्यभार स्वयं सेवकों दीपांजली, मुस्कान खुशी, सेजल, अभिलेख आदित्य ने किया। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय से आये डॉ संतोष कुमार सड़क सुरक्षा विषय पर स्वयं सेवकों के बीच अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। संचालन आदित्य शर्मा आँचल त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ नीलम भाजपाई डॉ भावना केशरवानी,डॉ रमेश कुमार,डॉ तारित अग्रवाल डॉ शैलेश मालवीय अजय कुमार , ओमप्रकाश, मानवेंद्र,अजय आदि उपस्थित रहे।

### कसेंदा मस्जिद में तरावीह मुकम्मल, अमन-चैन की मांगी दुआएं



**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के कसेंदा गांव स्थित मस्जिद में सोमवार की रात रमजान के पाक महीने में तरावीह का खास मुकाम पूरा हुआ। हाफिज मोहम्मद खालिद ने तरावीह में पूरे कुरान पाक की तिलावत मुकम्मल कराई। इस मौके पर मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजियों की मौजूदगी रही और पूरे माहौल में इबादत,अकीदत और रूहानियत का नूर बिखरा रहा तरावीह मुकम्मल होने के बाद देश-प्रदेश में अमन-चैन,भाईचारे और खुशहाली के लिए खास दुआएं मांगी गईं। लोगों ने अल्लाह से रहमत,मगफिरत और बरकत की दरख्वास्त की। रमजान के इस मुकद्दस मौके पर लोगों में खासा उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली।कार्यक्रम में कांग्रेस पाटी के पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम,मोहम्मद साजिद,मजहर लईक इम्तियाज अख्तर,माशूक अहमद जफर अशरफ कमर सुफियान मकबूल अहमद मोहम्मद अरशद,कामरान अजीम और मोहम्मद राशिद समेत कई लोग मौजूद रहे। सभी ने तरावीह की फजीलत बयान करते हुए इसे सब्र,इबादत और आत्मशुद्धि का महीना बताया। मस्जिद कमेटी की ओर से नमाजियों के लिए बेहतर इंतजाम किए गए थे,जिससे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।तरावीह मुकम्मल होने पर एक-दूसरे को मुबारकबाद देने का सिलसिला भी देर रात तक चलता रहा।

### एसपी ने फरियादियों की समस्याओं का किया निस्तारण



**कौशाम्बी।** पुलिस कार्यालय में दिनांक 17.03.2026 को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। प्राप्त प्राथर्ना पत्रों पर संबंधित अधिकारियों थाना प्रभारियों को निष्पक्ष समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कारर्वाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।इसी क्रम में जनसुनवाई के दौरान फरियादीयों के साथ आए छोटे बच्चे को पुलिस अधीक्षक द्वारा चॉकलेट देकर कर मानवीय संवेदनशीलता एवं सहृदयता का परिचय दिया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर विधिक एवं पारदशी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए,जिससे पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके तथा पुलिस-जन संवाद और अधिक मजबूत हो उन्होंने कहा कि कौशाम्बी पुलिस आमजन की सेवा,सुरक्षा एवं सहयोग हेतु सदैव प्रतिबद्ध है।

### दस हजार रुपए के इनामिया गोकशी की घटना से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को कोखराज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र में गोकशी की घटना में शामिल इनामिया अभियुक्त को कोखराज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है जानकारी के अनुसार 15 फरवरी 2026 को थाना में सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम ननमई के पास खेत में गोवंश का अवशेष पड़ा हुआ है, इस सूचना पर थाना कोखराज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पड़े हुए अवशेष को कलेक्ट किया गया एवं जांच हेतु पशु चिकित्साधिकारियों को सूचित किया गया गया था। थाना कोखराज पर मु0अ0सं0 87/2026 धारा 3/8 गोवध निवारण अधिनियम पंजीकृत हुआ पूर्व में 01 अभियुक्त मेराज को गिरफ्तार का जेल भेजा जा चुका है अन्य अभियुक्त कलीम अहमद उर्फ मुगलू की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा दस हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था।उपरोक्त क्रम में दिनांक 17.03.2026 थाना कोखराज पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित दस हजार रुपए के इनामिया वांछित अभियुक्त कलीम अहमद उर्फ मुगलू पुत्र नईम निवासी ग्राम ननमई थाना कोखराज को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# नगर पंचायत में भाजपा के नामित सभासदों की सूची हुई जारी, समथर्कों में उत्साह

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश शासन ने आदर्श नगर पंचायत अझुवा के लिए तीन नामित सदस्यों की घोषणा की है नगर विकास अनुभाग 1द्वारा 14 मार्च 2026 की जारी अधिसूचना में इन सदस्यों के नाम की औपचारिक घोषणा की गई यह कदम नगर निकायों को मजबूत करने की दिशा में उठाया गया है। शासनादेश के अनुसार शिवप्रताप मौर्य, मिथिलेश केसरवानी, देवेश कुमार को आदर्श नगर पंचायत अझुवा के नामित सदस्य बनाए गए हैं। सूची जारी होते ही पाटी कार्यकर्ताओं और समथर्कों में उत्साह का माहौल देखा गया है। लंबे समय से नामित सभासदों की घोषणा का इंतजार किया जा रहा था इसके बाद अब आधिकारिक रूप से सूची सामने आ गई है पाटी पदाधिकारियों के अनुसार पाटी ने संगठन में सक्रिय कार्यकर्ताओं और समर्पित लोगों को मौका दिया है नामित सभासदों में ऐसे चेहरों को भी शामिल किया गया है



जो लंबे समय से पाटी की सेवा में लगे हुए थे ।सूचना सामने आने के बाद चयनित लोगों को सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से बधाई देने वालों का तांता लग गया है सूची जारी होने के बाद कुछ स्थानों पर चर्चा और अटकलें का दौर भी शुरू हो गया क्योंकि कई दावेदारों को इस बार मौका नहीं मिल पाया कुछ दावेदारों ने आरोप लगाते हुए कहा दूसरे पाटी में रहे लोगों और अपने नजदीकियों को मौका दिया गया है।

## नगर पालिका और नगर पंचायत में शासन ने किया नामित सदस्यों का चयन

**कौशांबी।** जिले की दो नगर पालिका परिषद भरवारी मंझनपुर में पांच पांच नामित सदस्य और 8 नगर पंचायत अझुवा सिराथू दारानगर कड़ा धाम पूरब पश्चिम शरीरा चरवा सराय अकिल करारी चायल में तीन तीन नामित सदस्यों का चयन शासन द्वारा कर दिया गया है नगर पालिका परिषद मंझनपुर में नामित सदस्य ज्ञानेंद्र कुमार साहू अजय कुमार मौर्य ज्ञानचंद गुप्ता आलोक कुमार मौर्य और अमरेश कुमार केसरवानी उर्फ कल्लू पांडा वा नगर पालिका भरवारी में नामित सदस्य जितेंद्र मिश्रा रोहित कुमार विश्वकर्मा शिवम केसवानी प्रीति कौशल और प्रकाश चंद्र केसरवानी वा नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम में नामित सदस्य अवधेश कुमार चाँदी लाल सोनकर और सप्तमी पांडा वा नगर पंचायत पूरब पश्चिम शरीरा में नामित सदस्य संजय कुमार लोधी विजय मिश्रा और रविता सिंह वा नगर पंचायत चरवा में नामित सदस्य मोहनीश कुमार पाण्डेय लोचन सिंह राजेंद्र कुमार कुशवाहा वा नगर पंचायत अझुवा में नामित सदस्य शिव प्रताप मौर्य देवेश कुमार मिथिलेश कुमार वा सिराथू में आलोक सिंह प्रमोद उपाध्याय सुषमा केसरवानी वा चायल में राजेंद्र सोनकर राम सिंह वर्मा और ओमप्रकाश साहू वा नगर पंचायत सराय अकिल में भारत केसरवानी तनिष्क जायसवाल और विकास मोदनवाल वा नगर पंचायत करारी में सुधीर कुमार रैना सीताराम चौरसिया और प्रतीक जायसवाल के नाम पर शासन ने मंजूरी दे दी है सदस्यों के नामित किए जाने की जानकारी मिलने पर सदस्यों उनके परिवार के लोगों और उनके समथर्कों में खुशी की लहर है।

## चरवा थाना क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं ने काट डाले हरे पेड़, नहीं हुई कार्यवाही



**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद है और प्रतिदिन इलाके में हरे पेड़ काटे जा रहे हैं मामले में वन विभाग से लेकर थाना और चौकी पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़े हैं एक तरफ सरकार हरियाली बढ़ाने पर जोर दे रही है दूसरी तरफ वन विभाग के संरक्षण में पल रहे दजर्नों लकड़ी माफिया हरियाली नष्ट करने में लगे हैं लकड़ी माफिया को संरक्षण देने वाले वन विभाग के अधिकारी और थाना चौकी पुलिस के कारनामों की जांच कराकर माफियाओं को संरक्षण देने वाले लोगों पर कार्यवाही की मांग इलाके की जनता ने अधिकारियों से की है लकड़ी माफियाओ को संरक्षण देने वालों को जब तक चिन्हित कर इन पर कार्रवाई नही होगी तब तक हरे पेड़ों के कटान पर रोक लगाती नहीं दिख रही है। चरवा थानान्तर्गत बरियावां पुलिस चौकी के सटई रामजी चौराहा काली रोड के बगल मे लकड़ी माफियाओं ने हरे गूलर के पेड़ को वनविभाग के अफसर और चौकी पुलिस के साठगांठ से काट डाले है हरियाली पर लकड़ी माफियाओं की पेट्रोलियम आरामशीन चल रही है जिससे हरियाली नष्ट हो रही है मामले की शिकायत मंगलवार की सुबह ट्विटर एक्स के माध्यम से शासन प्रशासन को भेजी गई जिस पर पुलिस विभाग ने जानकारी दी है कि प्रभारी निरीक्षक थाना चरवा को वन विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।लेकिन खबर लिखे जाने तक हरे पेड़ काटने वाले लकड़ी माफियाओं पर कार्रवाई नहीं हुई है।

## डीएम को गुमराह करने से नहीं बाज आए बिजली विभाग के अधिकारी

**कौशांबी।** मंझनपुर विकासखंड क्षेत्र के अम्बावा पश्चिम गांव निवासी राम सुमेर पुत्र राम मनोहर ने 28 जनवरी को डीएम से किया था कि ग्राम प्रधान द्वारा बिजली चोरी की जा रही है सबूत के लिए उसने जीपीएस की फोटो भी प्रस्तुत किया था 500 मीटर की दूरी पर स्थित दो घरों में बिजली का उपयोग किया जा रहा था विद्युत खंबे से सीधा कटिया लगाई गई थी जिससे विद्युत चोरी हो रही थी डीएम ने बिजली विभाग के अधिकारियों को जांच कर कारर्वाई का निर्देश दिया डीएम के निर्देश के बाद उपखंड अधिकारी को जांच करने का निर्देश अधिशासी अभियंता विद्युत ने दिया उपखंड अधिकारी ने जांच का निर्देश जे ई विद्युत को दे दिया जे ई ने लाइनमैन को मौके पर भेज दिया मौके पर पहुंचे लाइनमैन ने बिजली चोरी की जांच किया उसके बाद जेई ने उपखंड अधिकारी की रिपोर्ट भेज दी कि कोई भी विद्युत चोरी नही हो रही है जबकि मौके पर खुले आम बिजली चोरी हो रही है सवाल उठता है कि विद्युत चोरी करने वाले ग्राम प्रधान को क्यों बचाया जा रहा है बिजली चोरी के इस मामले में बिजली चोरी रोकना तो दूर बिजली विभाग के अधिकारियों ने डीएम को भी गुमराह करने से नही छोड़ा है कार्यवाही न होने के बाद शिकायतकर्ता ने फिर अधिकारियों से शिकायत शुरू कर दी है।

# इलाज करने के बजाय मर्ज बांट रहा है संयुक्त जिला चिकित्सालय

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज मंझनपुर में मरीजों का इलाज करने के बजाय अब तो संयुक्त जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज के प्रशासक प्रिंसिपल और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की उदासीनता से मरीज को मर्ज बाँटा जा रहा हैं बिना पर्ची बनवाएं संयुक्त जिला चिकित्सालय में मरीजों को निशुल्क तरीके से मर्ज बढ़ाया जा रहा है जिससे मरीज और उनके परिवार के लोग तमाम बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं बीते कई महीनो से जिला अस्पताल में मरीज और उनके परिजनों के बीच मर्ज बांटे जाने के मामले को लेकर जिला अस्पताल के प्रशासक गंभीर नहीं दिखाई पड़ रहे हैं और मरीज उनके परिवार के लोग मेडिकल कॉलेज के प्रशासक के इस व्यवस्था से परेशान दिखाई पड़ रहे हैं लेकिन मरीज और उनके परिवार के लोगों की सुनवाई करने को कोई तैयार नहीं दिखाई पड़ रहा है मरीज और उनके परिवार के लोगों ने बताया कि जिला अस्पताल की चाहर दीवारी के अंदर मुख्य गेट के बगल में मेडिकल कॉलेज संयुक्त जिला चिकित्सालय से निकलने वाली गंदगी डिलीवरी के बाद निकलने वाले दुर्गन्ध युक्त




संयुक्त जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज के संचालन में जिम्मेदार की उदासीनता से अस्पताल परिसर में सड़े गले कूड़े कचरे से निकलने वाले दुर्गंध से मरीज और उनके परिवार के लोग बीमार हो रहे हैं

गंदगी ऑपरेशन की मलहम पट्टी खून मवाद ग्लूकोज की बोतल उपयोग किए जाने के बाद खराब हुई डिस्पोजल इंजेक्शन साफ सफाई में निकलने वाले कूड़ा कचरा मलमूत्र सहित विभिन्न प्रकार की गंदगियों को जिला अस्पताल परिसर के अंदर गेट के पास एकत्रित किया जा रहा है इसी के ठीक बगल में ब्लड बैंक संचालित होता है सामने साइड में सौ बेड का चिकित्सालय संचालित होता है बगल में आयुष अस्पताल संचालित होता है जिसमें यूनानी आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक पद्धति से मरीजों को दवाएं दी जाती है पूरे दिन मरीज और उनके परिवार के लोगों की भीड़ लगी रहती है लेकिन उठने वाले दुर्गन्ध से मरीज और उनके परिवार के लोग परेशान हो चुके हैं इतना ही नहीं सामने साइड में कुछ दूर पर इमरजेंसी अस्पताल संचालित होता है जिला अस्पताल परिसर में मेडिकल कॉलेज संयुक्त जिला चिकित्सालय से निकलने वाली गंदगी डिलीवरी के बाद निकलने वाले गंदगी ऑपरेशन की मलहम पट्टी खून मवाद ग्लूकोज की बोतल उपयोग किए जाने के बाद खराब हुई डिस्पोजल इंजेक्शन साफ सफाई में निकलने वाले कूड़ा कचरा मलमूत्र सहित विभिन्न प्रकार की गंदगी सड़े हुए दुर्गन्ध युक्त कूड़ा कचरा अस्पताल परिसर के अंदर एकत्रित किए जाने से कीड़े मकोड़े बैक्टीरिया दुर्गन्ध उत्पन्न हो रहे हैं जिससे संयुक्त जिला चिकित्सालय का पूरा वातावरण दूषित हो रहा है जिससे जिला अस्पताल परिसर में मरीज उनके परिवार के लोग परेशान हैं बार-बार मामले की शिकायत मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक से मरीज और उनके परिवार के लोगों ने की लेकिन जिला अस्पताल में व्याप्त गंदगी को दूर नहीं किया गया है बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था का ढकोसला करने वाले मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रतिदिन अस्पताल परिसर में पहुंचते हैं लेकिन अस्पताल की दूषित दुर्गंध युक्त व्यवस्था पर उनकी नजर नहीं होती जिससे उनकी लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है कि संयुक्त जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज के संचालन में जिम्मेदार की उदासीनता से अस्पताल परिसर में सड़े गले कूड़े कचरे से निकलने वाले दुर्गंध से मरीज और उनके परिवार के लोग बीमार हो रहे हैं जिससे यह कहा जाना गलत नहीं होगा कि जिला अस्पताल में इलाज के बजाय मरीज और उनके परिवार के लोगों को मर्ज बाँटा जा रहा है इस संबंध में मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उपलब्ध न होने के चलते बात नहीं हो सकी है।

# सम्पादकीय

## संकट में ऊर्जा

**ऊर्जा** संकट का आर्थिक प्रभाव भी कम गंभीर नहीं होता। ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। परिवहन, उद्योग और उत्पादन की लागत बढ़ जाती है, जिससे वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ती हैं। इसका सबसे अधिक प्रभाव आम नागरिकों पर पड़ता है। इसलिए ऊर्जा आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अनिश्चितता किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता के लिए चुनौती बन सकती है। आज की दुनिया को अक्सर 'वैश्विक गांव' कहा जाता है। तकनीक, व्यापार और संचार के विस्तार ने देशों को इतना परस्पर जुड़ा हुआ बना दिया है कि विश्व के किसी भी हिस्से में घटित घटना का प्रभाव सीमाओं से परे जाकर अन्य देशों तक पहुंच जाता है। पश्चिम-एशिया में हाल ही में बढ़े सैन्य तनाव और युद्ध की स्थिति ने इस वास्तविकता को एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई और उसके बाद उत्पन्न भू-राजनीतिक संकट ने केवल क्षेत्रीय सुरक्षा को ही नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और आर्थिक स्थिरता को भी प्रभावित किया है। इसका असर भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देशों पर विशेष रूप से दिखाई दे रहा है।

पश्चिम एशिया विश्व की ऊर्जा राजनीति का केंद्र माना जाता है। तेल और गैस के विशाल भंडार के कारण यह क्षेत्र दशकों से वैश्विक अर्थव्यवस्था की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करता रहा है, लेकिन जब भी इस क्षेत्र में संघर्ष या अस्थिरता पैदा होती है, तो उसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। वर्तमान संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में बाधा उत्पन्न हुई है।

# इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस

—अरुण कुमार

**डनायक** इस्लामोफोबिया से निपटने का अंतरराष्ट्रीय दिवस सिर्फ औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और सामाजिक जागरूकता का अवसर है। यह हमें सोचने को विवश करता है कि हम विविधता को भय की दृष्टि से देखते हैं या समृद्धि और सह-अस्तित्व का अवसर मानते हैं। वास्तविकता यह है कि धर्म, जाति, रंग, भाषा और नस्ल के आधार पर भेदभाव आज भी विश्वभर में व्याप्त है। हर वर्ष 15 मार्च को 'इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस' मनाया जाता है। यह तिथि 2019 में न्यूजीलैंड के क्राइस्ट चर्च की दो मस्जिदों पर हुए आतंकी हमलों में 51 मृतकों की स्मृति से जुड़ी है, जिसने धार्मिक घृणा के हिंसक परिणामों को वैश्विक स्तर पर उजागर किया। इसी पृष्ठभूमि में पाकिस्तान ने इस्लामिक देशों के संगठन के समर्थन से प्रस्ताव प्रस्तुत किया और उसे धार्मिक सहिष्णुता, भेदभाव-निरोध व मानवाधिकारों जैसी व्यापक कूटनीतिक शब्दावली में प्रस्तुत कर वैश्विक सहमति बनाई, जिसके परिणामस्वरूप वह संयुक्त राष्ट्र महासभा में आम सहमति से पारित हो सका।

सर्वसम्मति बन जाने के कारण भारत ने प्रस्ताव का प्रत्यक्ष विरोध नहीं किया, पर 'व्याख्या-स्थिति' दर्ज कराते हुए बहुलवाद को केंद्र में रखने की आवश्यकता पर बल दिया और 16 नवंबर के अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस का उल्लेख करते हुए सभी प्रकार के धार्मिक पूर्वाग्रहों को समग्र रूप से संबोधित करने की बात कही। इसी क्रम में 2024 में प्रस्तुत एक अन्य प्रस्ताव से, जो मुसलमानों के खिलाफ भेदभाव, हिंसा, और कुरान की अवमानना की निंदा करता है, भारत ने मतदान प्रक्रिया से स्वयं को प्रथक कर लिया ।

पुर्तगाल सहित कुछ यूरोपीय देशों एवं भारत, का मत है कि यह प्रस्ताव एक धर्म विशेष पर केंद्रित है, जबकि सभी धर्मों के विरुद्ध असहिष्णुता को समान रूप से संबोधित किया जाना चाहिए; इसलिए वे इसे औपचारिक राष्ट्रीय स्तर पर नहीं अपनाते हैं और आयोजन प्रायः नागरिक संगठनों या स्थानीय स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों तक सीमित रहते हैं। संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों ने हाल के वर्षों में इस्लामोफोबिया की बढ़ती घटनाओं को 'महामारी जैसी स्थिति' बताया है। यूरोप, अमेरिका और कनाडा में सर्वेक्षणों व आधिकारिक आंकड़ों से मुस्लिम विरोधी पूर्वाग्रह और घृणा अपराधों में वृद्धि के संकेत मिले हैं। भारत में, जहां मुसलमान सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय हैं, कुछ स्वतंत्र अध्ययनों में यह चिंता व्यक्त की गई है कि ध्रुवीकरण और घृणा-भाषण सामाजिक तनाव को बढ़ा रहे हैं। इन रुझानों से स्पष्ट है कि यह समस्या केवल पूर्वाग्रह तक सीमित नहीं, बल्कि हिंसा, धार्मिक स्थलों पर हमलों और सामाजिक व आर्थिक बहिष्कार के रूप में भी प्रकट हो रही है। इस्लामोफोबिया की जड़ें यरूशलम के क्रूसेड्स, स्पेन के रिकॉनक्विस्टा तथा भारत में मंदिर-मस्जिद विवाद जैसे मध्ययुगीन धार्मिक संघर्षों, औपनिवेशिक मानसिकता और उस प्रवृत्ति में निहित हैं, जिसमें भिन्न धार्मिक या सांस्कृतिक समुदायों को 'पराया' या 'खतरे' के रूप में चित्रित किया गया। आलोचक कुरान की कुछ युद्ध-संदर्भित आयतों का हवाला देकर इसे गैर-मुस्लिमों के विरुद्ध हिंसा से जोड़ते हैं, किंतु इन आयतों का संदर्भ 7वीं शताब्दी के विशिष्ट संघर्षों और आत्मरक्षा की परिस्थितियों से जुड़ा है साथ ही कुरान न्याय, सहअस्तित्व और सीमा-नियंत्रण पर बल देता है। अतः चयनित पंक्तियों के आधार पर समग्र धर्म को हिंसक सिद्ध करना न तो ऐतिहासिक रूप से उचित है और न ही बौद्धिक रूप से न्यायसंगत। दूसरी ओर, अल-कायदा, आईएसआईएस, तालिबान, हिजबुल्लाह और हमास जैसे इस्लामी उग्रवादी समूह हिंसा का सहारा लेते रहे हैं, यद्यपि वे मुख्यधारा इस्लाम का प्रतिनिधित्व नहीं करते। 9/11 जैसे हमलों के बाद मुसलमानों को आतंकवाद से जोड़ने की प्रवृत्ति वैश्विक स्तर पर बढ़ी, जिससे इस्लामोफोबिया को बल मिला।




# अमेरिकी कार्रवाई के बाद गड़बड़ाई विश्व व्यवस्था

**उमेश चतुर्वेदी ।**

दूसरे विश्व युद्ध के बाद कुछ अपवादों को छोड़ दें तो दुनिया ने सभ्य होने की तरफ लगातार कदम बढ़ाए। लेकिन इक्कीसवीं सदी का चौथाई हिस्सा बीतने के बाद लग रहा है कि एक बार फिर दुनिया आधुनिकता की चादर लपेटे मध्य युगीन बर्बरता की ओर बढ़ रही है। 28 फरवरी, 2026 को अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के बाद ऐसी सोच वैश्विक स्तर पर बढ़ी है। इस हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला रूहोल्लाह मुसावी खोमैनी समेत कई सैन्य अधिकारियों की मौत ने दुनिया को एक बार फिर हिलाकर रख दिया है। दुनिया के कमजोर देश एक बार फिर आशंकित हो उठे हैं। उन्हें यह डर सताने लगा है कि अमेरिका के खिलाफ अगर उन्होंने नीतियां अपनाईं तो हो सकता है कि अमेरिका अपने तरीके से योजना बनाकर उस पर हमला कर दे।



अमेरिका ने ईरान पर हमले के लिए जिन कारणों को गिनाया है, उनमें सबसे प्रमुख कारण है, ईरान के परमाणु कार्यक्रम रोकना, ईरान की मिसाइल क्षमताओं को खत्म करना और वहां की मौजूदा शासन व्यवस्था को बदलना है। अमेरिका ने तर्क दिया है कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने के करीब था, जो दुनिया और क्षेत्रीय सहयोगियों के लिए एक "अस्वीकार्य सुरक्षा खतरा" है। ट्रंप का कहना है कि ईरान ने अपनी परमाणु महत्वाकांक्षाओं को त्यागने के हर अवसर को ठुकरा दिया था। ट्रंप का यह भी कहना है कि उसके 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' का उद्देश्य ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल सुविधाओं और नौसैनिक संपत्तियों को पूरी तरह नष्ट करना है।

यह ठीक है कि अयातुल्ला खोमैनी की अगुआई वाले ईरान में इस्लामिक शासन व्यवस्था काम कर रही है, जिसे उसके नागरिकों के बड़े वर्ग का समर्थन हासिल नहीं था। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि ईरान की संप्रभुता को चोट पहुंचाई जाए। अमेरिका ने वही किया है। अगर ईरान की जनता अयातुल्ला खोमैनी के शासन को खत्म करती तो और बात होती, लेकिन अमेरिकी हमले में खोमैनी का मारा जाना दूसरे तरह की बात है। इससे आने वाले दिनों में कई खतरे उत्पन्न होंगे। ईरान पर हमले के बाद यह आशंका बढ़ गई है कि अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ दुनिया में क्रोध पनपे। यह भी हो सकता है कि आतंकी घटनाएं बढ़ें। गुरिल्ला युद्ध और ईरान समर्थित ताकतों द्वारा आतंकवाद के मुखौटे में अमेरिका और उसके समर्थकों को निशाना बनाया जाए। इससे दुनिया की चिंताएं बढ़ना अस्वाभाविक नहीं है।

अमेरिका की सैन्य कार्रवाइयों का हालिया इतिहास बताता है कि उनका घोषित उद्देश्य पूरा नहीं हुआ। नौ सितंबर 2011 को न्यूयार्क के ट्विन टॉवर पर हमले के बाद अमेरिका ने आतंकवाद का खात्मा करने के लिए अफगानिस्तान स्थित तालिबान और अलकायदा पर कार्रवाई की थी, उस अफगानिस्तान में अब तालिबान का शासन फिर से स्थापित हो चुका है। अफगानिस्तान को छोड़कर भागने का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति रहते जो बाइडेन ने लिया था। अफगानिस्तानी तालिबान पर हमले का एक मकसद वहां लोकतंत्र की स्थापना थी, लेकिन अब वहां तालिबान का इस्लामी शासन है और अमेरिका किनारे है। दिलचस्प यह है कि अफगानिस्ता के खिलाफ कार्रवाई के लिए जिस पाकिस्तान ने अमेरिका को सहयोग दिया था, वह पाकिस्तान अब अफगानिस्तान से जूझ रहा है।

इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन के खिलाफ अमेरिका ने अपने सहयोगी देशों के साथ सैन्यं कार्रवाई शुरू की। उसका बहाना इराक के पास व्यापक जनसंहार के रासायनिक हथियार होने को बनाया गया। दिलचस्प यह है कि इराक में सद्दाम हुसैन का शासन खत्म हो गया। तीस दिसंबर 2006 को उन्हें फांसी पर अमेरिका समर्थित न्याय तंत्र के जरिए लटका दिया गया, लेकिन इराक में अब तक ना तो लोकतंत्र आ पाया है और न ही शांति। कुछ इसी तरह साल 2011 में लीबिया में अमेरिका ने सैन्य हस्तक्षेप किया। तब अमेरिका का उद्देश्य लीबिया के तानाशाह कर्नल मुअम्मर गद्दाफी के खिलाफ हुए नागरिक विद्रोह को समर्थन देकर लीबिया में लोकतंत्र की स्थापना करना था। इसके लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को जरिया बनाया गया। इसके बाद 19 मार्च 2011 को अमेरिका ने अपने कुछ सहयोगी देशों के साथ मिलकर हवाई हमले और मिसाइल हमले शुरू किए। तब से लेकर अब तक अमेरिका में कार्रवाई जारी है। अमेरिकी विशेष बलों ने बेंगाजी में 2012 के लीबिया के अमेरिकी राजनयिक मिशन पर हमले के आरोपी अहमद अबू खट्टाला को गिरफ्तार किया। इसके बाद अमेरिका ने 2015 से लेकर 2019 के बाद तक आईएसआईएस और अल-कायदा के खिलाफ ड्रोन और हवाई हमले जारी रखे। जबकि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बीच लीबिया के ही लोगों के हाथों तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी 20 अक्टूबर 2011 को मारे जा चुके थे। भीड़ ने उन्हें उनके गृह नगर सिर्त में पकड़ा गया और वहीं उनकी हत्या कर दी गई। तब से लेकर लीबिया अब भी जल रहा है और वहां शांति और लोकतंत्र अब तक इंतजार कर रहे हैं।

अमेरिका की शह पर सीरिया के शासक के खिलाफ बशर अल-असद के शासन के खिलाफ कार्रवाई जारी रही। सीरिया में तेरह वर्षों तक खूनी गृहयुद्ध चलता रहा।

# पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव- रिजल्ट के बाद बदल जाएगी देश की राजनीति

**संतोष कुमार पाठक ।**

**देश** के केंद्रीय चुनाव आयोग ने रविवार को चार महत्वपूर्ण राज्यों- केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और असम के साथ ही एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। केरल, असम और पुडुचेरी में एक ही चरण में 9 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं तमिलनाडु में भी एक ही चरण में राज्य की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को वोटिंग होगी। पश्चिम बंगाल में इस बार चुनाव आयोग ने सिर्फ दो ही चरण में- 23 और 29 अप्रैल को मतदान करवाने की घोषणा की है। इन सभी राज्यों में मतगणना 4 मई को होगी।

इन राज्यों के ये विधानसभा चुनाव तकनीकी दृष्टि से तो यह तय करेंगे कि यहां की जनता ने अगले 5 वर्षों के लिए किस पार्टी की सरकार को चुना है। लेकिन राजनीतिक वास्तविकता तो यही है कि यह सही मायनों में मिनी इंडिया का चुनाव है जिसे केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के लिए एक मिड टर्म जनमत संग्रह के तौर पर भी देखा जा सकता है।



एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन के बीच केंद्रित होती जा रही देश की राजनीति में अभी भी कई क्षेत्रीय दल ऐसे हैं जो केंद्र के स्तर पर तो गठबंधन की राजनीति करना चाहते हैं लेकिन अपने-अपने राज्यों में वो सत्ता को बांटना नहीं चाहते हैं। इस लिहाज से अगर देखा जाए तो पांच राज्यों के ये विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के साथ-साथ गठबंधनों के लिए भी अस्तित्व बचाने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण हो गए हैं। असम में पिछले 10 वर्षों से बीजेपी की सरकार है। कांग्रेस पार्टी की सरकार के दौरान राज्य के सुपर चीफ मिनिस्टर माने जाने वाले हिमंत बिस्वा सरमा वर्तमान में बीजेपी के मुख्यमंत्री हैं। कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आने के बाद सरमा ने न केवल वर्ष 2016 और 2021 के लगातार दो विधानसभा चुनावों में असम में कांग्रेस को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई बल्कि पूरे नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में कांग्रेस के अस्तित्व को ही खतरे में डाल दिया। इसलिए असम का यह विधानसभा चुनाव कांग्रेस खासकर गांधी परिवार के लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का मुद्दा बन गया है। इसलिए राहुल गांधी ने दिग्गज नेताओं की फौज के साथ ही प्रियंका गांधी को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर असम में उतार दिया है। अगर हिमंत बिस्वा सरमा असम में लगातार तीसरी बार बीजेपी को जीत दिला पाने में कामयाब हो जाते हैं तो वो भी पार्टी की तरफ से प्रधानमंत्री बनने के संभावित दावेदारों की सूची में शामिल हो जाएंगे। लेकिन अगर कांग्रेस उन्हें हरा पाने में कामयाब हो जाती है तो एक तरफ जहां नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों में कांग्रेस के अच्छे दिनों की वापसी हो जाएगी वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्तर पर भी राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ती हुई नजर आएगी।

असम की तरह केरल में भी कांग्रेस पार्टी पिछले दो विधानसभा चुनाव हार कर 10 वर्षों से राज्य की सत्ता से बाहर है।

## लंभुआ नगर पंचायत में 3 सभासद मनोनीत,क्षेत्र में खुशी की लहर, समर्थकों ने दी बधाई

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । उत्तर** प्रदेश शासन द्वारा सोमवार को नगर पंचायतों में मनोनीत सभासदों की सूची जारी होने के बाद लंभुआ क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सूची जारी होते ही लंभुआ नगर पंचायत के लिए तीन सभासदों के नामों की घोषणा की गई, जिसके बाद समर्थकों और स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाइयां देना शुरू कर दिया।लंभुआ नगर पंचायत के विवेकानंद नगर वार्ड से सुशील सिंह उर्फ झूली सिंह,विवेक नगर वार्ड से सीताराम मोदनवाल व सर्वोदय नगर वार्ड मालती मिश्रा को मनोनीत सभासद बनाया गया है। क्षेत्र के लोगों ने तीनों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इससे नगर पंचायत के विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।लंभुआ नगर पंचायत में मनोनीत सभासद सदस्यों की सूची में दलित समाज के किसी भी व्यक्ति को शामिल नहीं किया गया है।



## मानदेय वृद्धि व स्मार्ट फोन की मांग को लेकर पंचायत सहायकों ने सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

सुल्तानपुर । पंचायत सहायक कल्याण समिति के बैनर तले भदैया ब्लॉक के पंचायत सहायकों ने खंड विकास कार्यालय पहुंचकर बीडीओ रिदम आनंद को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पंचायत सहायकों ने मानदेय बढ़ाने और कार्य सुचारु रूप से करने के लिए स्मार्ट फोन उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई. पंचायत सहायकों ने कहा कि ग्राम- पंचायतों में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, ऑनलाइन कार्य, दस्तावेज अपलोड करने और ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने में पंचायत सहायकों की अहम भूमिका होती है। इसके बावजूद उन्हें बहुत ही कम मानदेय दिया जा रहा है, जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण करना कठिन हो रहा है। सहायकों ने बताया कि अधिकांश कार्य अब डिजिटल माध्यम से होते हैं, लेकिन कई पंचायत सहायकों के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। ऐसे में यदि सरकार की ओर से स्मार्ट फोन उपलब्ध करा दिए जाएं तो कार्यों को और तेजी व पारदर्शिता के साथ किया जा सकेगा।

समिति के पदाधिकारियों ने मांग की कि पंचायत सहायकों के मानदेय में वृद्धि कर इसे सम्मानजनक बनाया जाए तथा कार्य सुविधा के लिए आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएं।

साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो पंचायत सहायक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान समिति के अध्यक्ष श्रवण कुमार, आदर्श पाठक, राजकुमार, हरदेव, प्रियंका यादव, मिनी सिंह, सीता यादव, प्रतिभा, शशि, रूबी, प्रदीप, अनुपम, रोशनी यादव और अर्चना सहित अन्य पंचायत सहायक मौजूद रहे।




## हाईटेंशन पोल पर चढ़े युवक को पुलिस ने बचाया, बड़ा हादसा टला

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। औराई** थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक हाईटेंशन विद्युत पोल पर चढ़ गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही डायल 112 और स्थानीय पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर सूझबूझ से युवक को सकुशल नीचे उतार लिया। पुलिस के अनुसार हीरापुर उगापुर गांव निवासी जगदीश यादव शराब के नशे में 11 हजार वोल्ट के बिजली खंभे पर चढ़ गया था और तार से लिपट गया। गनीमत रही कि उस समय विद्युत आपूर्ति बाधित थी, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही पीआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने बिजली विभाग से समन्वय कर लाइन को पूरी तरह बंद कराया और स्थानीय लोगों की मदद से युवक को सुरक्षित नीचे उतारा। इस त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की। वहीं, डायल 112 की सक्रियता को लेकर आमजन में संतोष और भरोसा भी देखा गया।



## ब्लॉक प्रमुख अखिलेश प्रताप सिंह डिम्पल ने ग्राम पंचायत छारौली में जल योजना का किया शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । विकासखण्ड** दूबेपुर में जल जीवन मिशन हर घर नल से जल के अंतर्गत आयोजित ह्यजल महोत्सवङ्क कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक प्रमुख दूबेपुर अखिलेश प्रताप सिंह (डिम्पल) ने ग्राम सभा छरौली में ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का फीता काटकर भव्य शुभारंभ किया।कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। इस योजना के शुरू होते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई, क्योंकि अब उन्हें घर-घर स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की सुविधा मिलने जा रही है।ब्लॉक प्रमुख अखिलेश प्रताप सिंह ह्यडिम्पलङ्क ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि यह योजना गांव के लोगों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और बेहतर जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी।ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जनपद सुल्तानपुर के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया और सरकार के प्रति आभार जताया।



## ग्राम समाज की जमीन पर निर्माण का आरोप, उपनिरीक्षक पर धमकी देने की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। कोइरौना** थाना क्षेत्र के मैलौना गांव में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण का मामला सामने आया है। राजस्व टीम ने निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन संबंधित व्यक्ति पर अभद्रता और धमकी देने का भी आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार मैलौना निवासी राजेश कुमार, जो खुद को चंदौली पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात उपनिरीक्षक बता रहा है, गाटा संख्या 265 की जमीन पर निर्माण करा रहा था। बताया जा रहा है कि यह जमीन ग्राम समाज के नाम दर्ज है। सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल बसंतलाल मौर्य और राजस्व टीम ने निर्माण कार्य रोकने को कहा और जमीन से जुड़े दस्तावेज मांगे। आरोप है कि राजेश कुमार कोई वैध कागजात नहीं दिखा सका और खुद को पुलिस विभाग में तैनात बताते हुए कार्रवाई करने पर धमकी देने लगा। लेखपाल ने मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों को देते हुए ग्राम समाज की जमीन पर हो रहे निर्माण को तत्काल रुकवाने की मांग की है। मामले को लेकर गांव में चर्चा का माहौल है ।



## 'जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर विकास भवन सभागार में बैठक, अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । जिलाधिकारी** शैलेष कुमार के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) कुमार वीरेंद्र मौर्य की अध्यक्षता में जिला एवं चार्ज स्तर के जनगणना अधिकारियों के प्रशिक्षण तथा जनगणना कार्य के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जनगणना कार्य से संबंधित प्रशिक्षण प्रबंधन, फील्ड ट्रेनर के प्रशिक्षण, नामांकन प्रक्रिया तथा उपस्थिति के सत्यापन सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में अधिकारियों को अवगत कराया गया कि भारत की आगामी जनगणना वर्ष 2027 में दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण में वर्ष 2026 में मकान सूचीकरण एवं आवास गणना तथा द्वितीय चरण में वर्ष 2027 में जनसंख्या गणना का कार्य संपादित किया जाएगा। जनगणना के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय, सामाजिक एवं आर्थिक जानकारी एकत्र की जाएगी, जिसका उपयोग योजनाओं के निर्माण, संसाधनों के उचित वितरण तथा विकास कार्यों के लिए किया जाता है।



# 20 करोड़ की परिक्रमा मार्ग परियोजना पर डीएम का औचक निरीक्षण, खामियों पर फटकार

- परिक्रमा मार्ग का कायाकल्प तेज
- पर्यटन पर प्रशासन की नजर

**अखंड भारत संदेश**



कामदगिरी परिक्रमा मार्ग पर मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** सोमवार को चित्रकूट में कामदगिरि परिक्रमा मार्ग के बहुप्रतीक्षित कायाकल्प कार्यों का जिलाधिकारी ने औचक स्थलीय निरीक्षण कर विकास की रफ्तार और गुणवत्ता दोनों की हकीकत परखी। 2044.34 लाख रुपए की लागत से पर्यटन विभाग द्वारा संचालित इस महत्वाकांक्षी परियोजना में नवीनीकरण, साइनेज, फेंसिंग, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य प्रगति पर हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान कई खामियां भी उजागर हुईं। डीएम ने जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए नेचुरल ड्रेनेज के वैज्ञानिक प्रबंधन, चेंबर निर्माण और उचित ढाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, वहीं निर्माण मलबा तुरंत हटाने और प्रतिदिन साफ-सफाई बनाए रखने की सख्त हिदायत दी। खास बात यह रही कि दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए टैक्टाइल टाइल्स लगाने के निर्देश देकर परियोजना को संवेदनशीलता से जोड़ने का प्रयास किया गया। निरीक्षण में चोपड़ा कुंड के पास न्यूरल पेंटिंग और पर्यटन विभाग द्वारा बनाए गए शौचालयों की खराब स्थिति पर डीएम ने नाराजगी जताई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए। आरती स्थल पर स्टोन कलर में असमानता और अधूरे प्लांटेशन को लेकर भी कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगी। वहीं अवैध दुकानों को हटाने, पार्किंग, यात्री शेड और फसाड लाइट की नई योजना तैयार करने के निर्देश देकर प्रशासन ने साफ कर दिया कि आस्था के इस केंद्र पर अब आधे-अधूरे काम नहीं चलेंगे।

## दर्द पर मरहम- मुख्यमंत्री योजना से 24 किसानों को मिला करोड़ों का सहारा

**चित्रकूट।** जिले में हादसों की मार झेल रहे कृषक परिवारों के लिए राहत की एक मजबूत किरण सामने आई है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 24 दावों पर 1.08 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। यह सहायता उन किसानों और उनके परिवारों को दी जाएगी, जो दुर्घटनावश मृत्यु या दिव्यांगता जैसी गंभीर परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। बैठक में विभिन्न तहसीलों- मऊ, मानिकपुर और राजापुर-से आए दावों पर विचार करते हुए प्रशासन ने संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिया। योजना के तहत मृत्यु या पूर्ण दिव्यांगता पर 100 प्रतिशत तक सहायता का प्रावधान है, जिससे प्रभावित परिवारों को आर्थिक संबल मिल सके। स्वीकृत राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजी जाएगी, जो संकट की घड़ी में उनके लिए जीवनरेखा साबित हो सकती है।

# दो हजार करोड़ बकाया पर गरजी कांग्रेस मजदूरी को लेकर विकास भवन पर हल्ला बोल

- 75 दिन से रुकी मजदूरी
- मनरेगा मजदूरी पर सियासी घेराबंदी

**अखंड भारत संदेश**



मनरेगा मजदूरी पर विकास भवन का घेराव करते कांग्रेसी

**चित्रकूट।** जिले में मनरेगा मजदूरों के बकाया भुगतान को लेकर सियासत गरमा गई है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट के नेतृत्व में विकास भवन का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश में लगभग 2000 करोड़ रुपये की मजदूरी अब तक लंबित है, जबकि एक करोड़ से अधिक मनरेगा मजदूरों को करीब 75 दिनों से भुगतान नहीं मिला है। वहीं रोजगार सेवकों को भी पिछले 8 महीनों से मानदेय नहीं दिया गया, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर सदन तक मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ेगी। इस दौरान अवधेश के. रवरिया, अनिल गुप्ता, शिव गुलाम वर्मा, कालीचरण राजपूत, कामता द्विवेदी, शिव शंकर खंगार, रामकृपाल वर्मा समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने एक स्वर में मजदूरों के अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया।

## खेल के रण में उभरे सितारे, एथलेटिक्स में जूनियर खिलाड़ियों ने रचा नया इतिहास



खेल में मौजूद विजयी प्रतिभागी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले में 16 से 18 मार्च तक आयोजित जनपद स्तरीय जूनियर बालक-बालिका खेल प्रतियोगिताओं ने खेल मैदान को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। 17 मार्च को प्रतियोगिता का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया। कबड्डी में सीतापुर ने मऊ को 13-7 से हराकर खिताब जीता, जबकि एथलेटिक्स में रविकांत, सचिन सोनकर, आकांक्षा, रेशमा और लवली सिंह जैसे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वॉलीबॉल बालक वर्ग में कर्वी और बालिका वर्ग में पानी संस्थान ने जीत दर्ज की। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने विजेताओं को सम्मानित किया। आयोजन में खेल अधिकारियों व सहयोगियों के योगदान से कार्यक्रम सफल रहा, जिसने जिले की उभरती खेल प्रतिभाओं को नई पहचान दी।

# सीआईसी में 1.12 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आज से प्रारंभ, 452 परीक्षक जुटे

- रोज 10 से 5 तक होगा मूल्यांकन

**अखंड भारत संदेश**




परीक्षकों को जानकारी देते उप नियंत्रक डॉ रणवीर सिंह चौहान

**चित्रकूट।** जिले में शिक्षा का सबसे संवेदनशील और निर्णायक चरण शुरू होने जा रहा है, जहां 18 मार्च से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की 1,12,000 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी स्थित केंद्र पर 452 परीक्षक- हाईस्कूल के 235 और इंटर के 217- प्रतिदिन निर्धारित मानकों के तहत कॉपियों की जांच करेंगे, जहां हर अंक लाखों छात्रों के भविष्य की दिशा तय करेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अन्यथा संबंधित परीक्षक पर सख्त विभागीय कार्रवाई होगी। मूल्यांकन को व्यवस्थित बनाने के लिए हाईस्कूल में 34 और इंटर में 22 टोलियां गठित की गई हैं, जिनकी निगरानी प्रधान परीक्षक करेंगे। इस बार विशेष सतर्कता बरती जा रही है- हर पृष्ठ की बारीकी से जांच, अंदर और बाहर अंक समान, बिना ओवरराइटिंग के साफ अंकन और अंकेक्षकों द्वारा क्रॉस चेकिंग जैसे कड़े प्रावधान लागू किए गए हैं। उप नियंत्रक डॉ रणवीर सिंह चौहान ने बताया कि सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाले इस मूल्यांकन कार्य में पुलिस का सख्त पहरा रहेगा और केवल पहचान पत्र धारक परीक्षकों को ही प्रवेश मिलेगा। बाहरी जनपदों से आई कॉपियों को सुरक्षित कोठारों में रखा गया है, जहां चौकसी के विशेष इंतजाम किए गए हैं। यह केवल कॉपियों की जांच नहीं, बल्कि छात्रों के सपनों और संघर्षों का निष्पक्ष मूल्यांकन है, जहां हर अंक एक नई दिशा तय करेगा।

## ऑनलाइन लॉटरी में चमकी किस्मत, 121 बच्चों को मिला शिक्षा का अधिकार

**चित्रकूट।** सत्र 2026-27 के लिए शिक्षा के अधिकार के तहत चित्रकूट में एक नई उम्मीद की किरण जगी है, जहां अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों के लिए निजी विद्यालयों के दरवाजे खुलते नजर आ रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(ग) के अंतर्गत द्वितीय चरण की ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न कर ली गई है। कुल 208 आवेदनों में से जांच के बाद 46 आवेदन निरस्त हुए, जबकि 162 पात्र अभ्यर्थियों में से 121 बच्चों का चयन 9 मार्च को पारदर्शी ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से किया गया। इस पूरी प्रक्रिया को शासनादेश के अनुरूप डिजिटल माध्यम से निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराया गया। अब तीसरे और अंतिम चरण के आवेदन 12 मार्च से 25 मार्च 2026 तक आमंत्रित किए गए हैं, जिससे और अधिक जरूरतमंद बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिल सकेगा।

# बीआरसी पहाड़ी में शिक्षा का मंथन, कायाकल्प और निपुण लक्ष्य पर तेज हुई रणनीति




उन्मुखीकरण गोष्ठी में मौजूद अतिथिगण

**चित्रकूट।** जिले के पहाड़ी ब्लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी) परिसर में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और विद्यालय विकास के लक्ष्यों को गति देने के लिए एक सशक्त उन्मुखीकरण गोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों और प्रधानाध्यापकों ने एक मंच पर जुटकर शिक्षा के भविष्य की रूपरेखा तय की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती वंदना से हुआ, जिसके बाद खंड शिक्षाधिकारी राजेश कुमार ने स्वच्छता और शैक्षिक सहयोग को लेकर ग्राम प्रधानों से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। खंड विकास अधिकारी ने विद्यालयों में चल रहे कार्यों की सराहना करते हुए कायाकल्प के शेष 19 मानकों को शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिया। ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी ने अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। निपुण भारत मिशन, डीबीटी और सामुदायिक सहभागिता पर विस्तृत चर्चा के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को जीवंत बना दिया, जहां शिक्षा के नए संकल्प गूंजते नजर आए।

# परख रिपोर्ट पर बीएसए की सख्ती सुधार के लिए बना ठोस रोडमैप

- दो दिन की डायट कार्यशाला

**अखंड भारत संदेश**



कार्यशाला में मौजूद प्रतिभागी

**चित्रकूट।** जिले में शिक्षा व्यवस्था की असली तस्वीर सामने लाने वाले परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 के परिणामों पर आधारित दो दिवसीय जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन डायट शिवरामपुर में प्रभावी ढंग से सम्पन्न हुआ। 16 और 17 मार्च को आयोजित इस कार्यशाला में जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, डायट संकाय, एसआरजी, एआरपी तथा विद्यालय प्रमुखों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सर्वेक्षण के निष्कर्षों का गहन विश्लेषण किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के विषयवार अधिगम स्तर, सीखने में अंतराल और शिक्षण पद्धतियों की कमजोर कड़ियों को खुलकर सामने रखा गया। संदर्भदाताओं द्वारा संवादात्मक सत्रों में न केवल समस्याओं की पहचान की गई, बल्कि नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों और प्रभावी शैक्षिक हस्तक्षेपों पर भी जोर दिया गया। समापन अवसर पर डायट प्राचार्य बीके शर्मा ने परख सर्वेक्षण को शिक्षा का दर्पण बताते हुए कहा कि अब असली चुनौती इन निष्कर्षों को जमीन पर उतारने की है। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों ने अपने-अपने विद्यालयों में सुधार का रोडमैप तैयार कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लक्ष्य को साकार करने का संकल्प लिया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि अब शिक्षा में बदलाव की शुरूआत कागजों से निकलकर कक्षाओं तक पहुंचने वाली है।

## जिले में ग्रामीण परिवहन सुधार को नई योजना लागू, निजी वाहन स्वामियों से आवेदन आमंत्रित

**चित्रकूट।** जिले में अब गांवों की सड़कों पर सिर्फ धूल नहीं, बल्कि तरक्की के पहिए दौड़ते नजर आएंगे। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार पांडेय ने बताया है कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 के तहत ग्रामीण अंचलों को बेहतर परिवहन सुविधा के साथ स्वरोजगार का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है। 13 मार्च से 28 मार्च 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसमें 15 से 28 सीट क्षमता वाली बसें ब्लॉक से जिला मुख्यालय तक संचालित होंगी। खास बात यह है कि वाहन स्वामी को परमिट में 100 प्रतिशत छूट मिलेगी और आय पर उसका पूरा अधिकार होगा। मात्र 2000 रुपये आवेदन शुल्क और 5000 रुपये की वापसी योग्य प्रतिभूति के साथ 10 वर्षों तक अनुबंध का अवसर मिलेगा। रूट निर्धारण जिला स्तरीय समिति करेगी, लेकिन संचालन, समय और फेरे तय करने की स्वतंत्रता वाहन स्वामी को होगी। यह योजना न केवल गांवों को शहर से जोड़ेगी, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाकर विकास की नई इबारत भी लिखेगी।

## चित्रकूट में गूंजेगी रामकथा की अमृतधारा, नौ दिनों तक भक्ति का महासंगम

**चित्रकूट।** जिले की पावन धरा एक बार फिर भक्ति और आस्था के रंग में रंगने जा रही है, जब स्वामी राजेंद्र दास महाराज की मधुर अमृतमयी वाणी से 19 से 27 मार्च तक नौ दिवसीय श्रीरामकथा का भव्य आयोजन होगा। विद्याधाम विद्यालय परिसर में आयोजित इस दिव्य अनुष्ठान का शुभारंभ 18 मार्च को भव्य पोथी-कलश यात्रा से होगा, जिसमें गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालु भक्ति के रंग में सराबोर नजर आएंगे। रघुवीर मंदिर ट्रस्ट एवं सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में होने वाली इस रामकथा को लेकर देशभर से श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो चुका है। यह आयोजन स्व डॉ बीके जैन के वर्षों के संकल्प का साकार रूप भी माना जा रहा है। चित्रकूटवासियों के लिए यह अवसर केवल कथा श्रवण का नहीं, बल्कि अपने जीवन को राममय बनाने का एक दिव्य निमंत्रण बनकर सामने आया है।

# पर्यटकों के लिए डीएम का बड़ा तोहफा देवांगना घाटी बॉर्डर पर बदलती तस्वीर

- जिले में टूरिज्म का मेगा प्लान
- एयरपोर्ट के पास बनेगा आधुनिक सुविधा केंद्र



आधुनिक सुविधा केंद्र के प्लान पर चर्चा करते डीएम

**चित्रकूट।** जिले में पर्यटन को नई पहचान देने की दिशा में सोमवारको जिलाधिकारी ने हवाई अड्डे के समीप देवांगना घाटी बॉर्डर पर प्रस्तावित पर्यटक सुविधा केंद्र एवं डोरमेट्री निर्माण परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। पर्यटन विभाग की इस महत्वपूर्ण परियोजना, जिसे राज्य सेक्टर योजना के अंतर्गत स्वीकृति मिली है और जिसका क्रियान्वयन यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड इकाई-13 बाँदा द्वारा किया जा रहा है, को लेकर जिलाधिकारी ने स्पष्ट संकेत दिए कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का गहन अवलोकन करते हुए प्लम्बिंग, फायर फाइटिंग और इलेक्ट्रिकल कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही फर्नीचर व फर्निशिंग में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने, साइट पर प्रतिदिन एंट्री रजिस्टर संधारित करने तथा 3डी डिजाइन व नवीनतम फोटोग्राफ्स उपलब्ध रखने की सख्त हिदायत दी। पाइलिंग कार्य के दौरान नियमित निरीक्षण और गुणवत्ता परीक्षण को भी अनिवार्य बताया गया। जिलाधिकारी ने दो टूक कहा कि समयबद्धता और गुणवत्ता ही इस परियोजना की असली पहचान होगी, जिससे चित्रकूट आने वाले पर्यटकों को आधुनिक और बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

## 50 लाख से ऊपर की परियोजनाओं पर सख्ती, सीडीओ ने ठेकेदारों को दी चेतावनी

- समय सीमा में काम पूरा करे
- कलेक्ट्रेट में हाई वोल्टेज समीक्षा

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने 50 लाख रुपए से अधिक लागत वाली निर्माण परियोजनाओं की प्रगति पर सख्त रुख अपनाते हुए कार्यदायी संस्थाओं को स्पष्ट संदेश दिया कि अब लापरवाही और ढिलाई किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी। बैठक में सड़क निर्माण को छोड़ अन्य परियोजनाओं की भौतिक और वित्तीय स्थिति का गहन मूल्यांकन किया गया, जहां कई कार्यों की धीमी गति और गुणवत्ता पर सवाल उठे। सीडीओ ने दो टूक कहा कि बिना ठोस एक्शन प्लान के समयबद्ध कार्य संभव नहीं है, इसलिए प्रत्येक संस्था तत्काल प्रभाव से स्पष्ट कार्ययोजना तैयार करे। उन्होंने निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए चेतावनी दी कि मानकों से समझौता करने वालों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई तय है। साथ ही अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण के निर्देश दिए गए, ताकि जमीनी हकीकत और प्रगति की वास्तविक तस्वीर सामने आ सके। पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को शीघ्र हैंडओवर कर जनता तक लाभ पहुंचाने पर भी जोर दिया गया।

# मोहना को फिर से जीवन देने का संकल्प बरगढ़ में जल जागरण की गूंज




गोष्ठी में मौजूद अधिकारीगण

**बरगढ़/चित्रकूट।** क्षेत्र में मंगलवार को चन्द्रेश इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित संगोष्ठी ने जल संकट के बीच उम्मीद की नई किरण जगा दी। ग्रीष्मकाल से पहले प्राकृतिक जल स्त्रोतों की सफाई और संरक्षण को लेकर जुटे प्रशासन, वन विभाग और समाज के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर प्रकृति के साथ चलने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने जल स्त्रोतों को जीवन्त बनाए रखने पर जोर देते हुए बरगढ़ पाठा क्षेत्र की जीवनधारा मोहना नदी के पुनर्जीवन की ठोस कार्ययोजना का संकेत दिया। वन दरोगा महेन्द्र प्रताप सिंह ने भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। अप्रैल के प्रथम सप्ताह से व्यापक सफाई अभियान चलाने और पशु-पक्षियों व राहगीरों के लिए पेयजल सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और स्थानीय लोगों की भागीदारी ने इसे जनआंदोलन का रूप दे दिया।

## बस स्टैंड से बाजार रोड तक चला बुलडोजर, अतिक्रमण हटाने में उजड़े कई सपने

**मऊ/चित्रकूट।** क्षेत्र के नगर पंचायत क्षेत्र में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया जब बस स्टैंड से बाजार रोड तक प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए जेसीबी मशीनों से दुकानों को ध्वस्त कर दिया। जमुना रोड पर प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण के तहत की गई इस कार्रवाई में वर्षों से खड़ी कई दुकानें पल भर में मलबे में तब्दील हो गईं। मौके पर उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन, क्षेत्राधिकारी फहद अली, तहसीलदार राम सुधार, नायब तहसीलदार पारुल सिंह और थाना प्रभारी दुर्विजय सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। पीडब्ल्यूडी और विद्युत विभाग की टीम भी कार्रवाई में शामिल रही। प्रशासन का दावा है कि अतिक्रमणकारियों को कई बार नोटिस और मुनादी के जरिए चेतावनी दी गई थी, लेकिन अवैध कब्जा नहीं हटाया गया। वहीं दूसरी ओर, प्रभावित दुकानदारों का दर्द साफ झलक रहा हैकृउनके लिए यह केवल अतिक्रमण नहीं, बल्कि रोजी-रोटी का सवाल था। जेसीबी की गूंज के बीच बाजार में जहां सड़क चौड़ीकरण का रास्ता साफ हुआ, वहीं कई परिवारों के सपने भी मलबे में दब गए।

## परंपरा और तकनीक का संगम- ग्रामोदय की चित्रकला प्रदर्शनी ने रचा नया इतिहास



**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी ने कला के माध्यम से परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय कलाकार गीता दास और बीनू गुप्ता की कृतियों ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। गीता दास की चित्रकला में गुरु-शिष्य परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और आधुनिक तकनीक का अनोखा समावेश दिखा, तो बीनू गुप्ता ने जंतर-मंतर से इसरो, वंदे भारत और माइक्रोचिप तक भारत की वैज्ञानिक यात्रा को सजीव किया। कलाकारों ने स्पष्ट संदेश दिया कि सच्ची प्रगति परंपरा और नवाचार के समन्वय में ही निहित है, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया।

# 'बस मजे के लिए' ईरान खर्ग द्वीप पर फिर करेंगे हमला, वैश्विक तेल बाजार में मचा हड़कंप

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई चेतावनी जारी की है कि अमेरिका ईरान के तेल-समृद्ध खर्ग द्वीप पर और हमले कर सकता है। उन्होंने कहा कि हाल के हमलों में यह सुविधा पहले ही काफी हद तक नष्ट हो चुकी है, लेकिन इसे 'बस मजे के लिए' कुछ और बार फिर से निशाना बनाया जा सकता है।**



**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई चेतावनी जारी की है कि अमेरिका ईरान के तेल-समृद्ध खर्ग द्वीप पर और हमले कर सकता है। उन्होंने कहा कि हाल के हमलों में यह सुविधा पहले ही काफी हद तक नष्ट हो चुकी है, लेकिन इसे "बस मजे के लिए" कुछ और बार फिर से निशाना बनाया जा सकता है। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का शनिवार को तीसरा हफ्ता शुरू हो गया, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर संघर्ष बढ़ने और वैश्विक तेल आपूर्ति में रुकावट आने की आशंकाएं बढ़ गई हैं। ठइउ न्यूज से बात करते हुए, और जैसा कि 'द टाइम्स ऑफ इजराइल' ने बताया है, ट्रंप ने कहा कि हाल के अमेरिकी हवाई हमलों ने ईरान के मुख्य तेल निर्यात टर्मिनल, खर्ग द्वीप के अधिकांश हिस्से को "पूरी तरह से तबाह" कर दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि हालांकि तेहरान संघर्ष को खत्म करने के लिए बातचीत करने को तैयार लग रहा था, लेकिन प्रस्तावित शर्तें वाशिंगटन को मंजूर नहीं थीं। उन्होंने कहा, "शर्तें अभी उतनी अच्छी नहीं हैं," और साथ ही जोड़ा कि "हम इसे बस मजे के लिए कुछ और बार निशाना बना सकते हैं।"

खर्ग द्वीप, जो ईरान के दक्षिणी तट से लगभग 30 किलोमीटर दूर स्थित है, देश के लगभग 90% कच्चे तेल के निर्यात को संभालता है। यह सुविधा रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य के पास स्थित है, जिससे दुनिया की लगभग पाँचवाँ हिस्सा तेल आपूर्ति गुजरती है।

वहाँ किसी भी तरह की लगातार रुकावट वैश्विक ऊर्जा की कीमतों को तेजी से बढ़ा सकती है और अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव डाल सकती है।

यह ताजा चेतावनी उस घटना के बाद आई है जिसे अमेरिकी अधिकारियों ने हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में सबसे शक्तिशाली बमबारी अभियानों में से एक बताया था। व्हाइट हाउस के अनुसार, अमेरिकी सेना ने खर्ग द्वीप पर सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया, लेकिन जानबूझकर प्रमुख तेल सुविधाओं को नष्ट करने से परहेज किया।

'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट करते हुए ट्रंप ने लिखाः "कुछ ही देर पहले, मेरे निर्देश पर, यूनाइटेड स्टेट्स सेंट्रल कमांड ने मध्य पूर्व के इतिहास में सबसे शक्तिशाली बमबारी हमलों में से एक को अंजाम दिया, और ईरान के 'ताज के गहने' कहे जाने वाले खर्ग द्वीप पर मौजूद हर सैन्य लक्ष्य को पूरी तरह से तबाह कर दिया।"

इसके साथ ही, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वाशिंगटन ने द्वीप के तेल बुनियादी ढांचे पर हमला न करके संयम दिखाया है।

ट्रंप ने कहा, "सभ्यता के कारणों से, मैंने द्वीप पर मौजूद तेल बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से नष्ट न करने का फैसला किया है," और साथ ही चेतावनी दी कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री यातायात में बाधा डालता है, तो यह फैसला बदला भी जा सकता है।

यह लड़ाई पहले ही पूरे क्षेत्र में फैल चुकी है। शनिवार को, बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर के अंदर एक हेलीपैड पर एक मिसाइल गिरी, जबकि एक रोके गए ईरानी ड्रोन का मलबा फुजैराह में एक तेल सुविधा पर जा गिरा। इन घटनाओं ने खाड़ी क्षेत्र में ऊर्जा बुनियादी ढांचे और शिपिंग मार्गों की सुरक्षा को लेकर चिंताओं को और बढ़ा दिया है।

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर ईरान की धमकी

ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की धमकी दी है और उन पड़ोसी देशों को चेतावनी दी है जो अमेरिकी सेनाओं को अपने यहाँ पनाह दे रहे हैं, कि वे भी हमले का निशाना बन सकते हैं।

तेहरान की संयुक्त सैन्य कमान ने अमेरिका पर संयुक्त अरब अमीरात (वअए) के बंदरगाहों का इस्तेमाल करके हमले करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अमेरिकी अभियानों से जुड़ी सुविधाओं को निशाना बनाया जा सकता है। जिन जगहों का ज़िक्र किया गया उनमें दुबई का जेबेल अली बंदरगाह, अबू धाबी का खलीफा बंदरगाह और फुजैराह बंदरगाह शामिल थे।

हालाँकि, ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की सैन्य क्षमताएँ पहले ही नष्ट हो चुकी हैं। एक और 'ट्रुथ सोशल' पोस्ट में उन्होंने लिखा, "कई देश, खासकर वे जो ईरान द्वारा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने की कोशिश से प्रभावित हैं, अमेरिका के साथ मिलकर स्ट्रेट को खुला और सुरक्षित रखने के लिए युद्धपोत भेजेंगे।" उन्होंने आगे कहा, "इस बीच, अमेरिका तटरेखा पर जोरदार बमबारी करेगा, और लगातार ईरानी नावों और जहाजों को पानी में ही नष्ट करता रहेगा। किसी भी तरह से, हम जल्द ही स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खुला, सुरक्षित और आजाद करा लेंगे!"

ट्रंप ने खाड़ी के तेल पर निर्भर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं से भी इस जलमार्ग को सुरक्षित करने में मदद करने की अपील की, और लिखा, "दुनिया के जिन देशों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते तेल मिलता है, उन्हें इस मार्ग की देखभाल करनी चाहिए, और हम इसमें बहुत मदद करेंगे!"

तनाव बढ़ने और ईरान द्वारा क्षेत्रीय ऊर्जा बुनियादी ढांचे के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की धमकी देने के बीच, विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि खर्ग द्वीप पर और हमले या स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद करने का कोई भी प्रयास संघर्ष को तेजी से बढ़ा सकता है और आने वाले हफ़्तों में वैश्विक तेल बाजारों में गंभीर व्यवधान पैदा कर सकता है।

# बेटी के साथ किया घातक रॉकेट सिस्टम का परीक्षण, अमेरिका को दी 'विनाशकारी' चेतावनी



**उत्तर कोरियाई**

**उत्तर** कोरियाई नेता किम जोंग उन ने एक बार फिर दुनिया को अपनी सैन्य शक्ति से चौंका दिया है। शनिवार को किम ने अपनी बेटी किम जू ऐ के साथ मिलकर एक नई और शक्तिशाली 'मल्टीपल रॉकेट लॉन्च सिस्टम' के परीक्षण का निरीक्षण किया। उत्तर कोरियाई सरकारी मीडिया केसीएनए ने रविवार को इसकी तस्वीरें और जानकारी साझा कीं।

600 मिमी कैलिबरः "दुश्मनों को बेचैन कर देने वाला हथियार"

रिपोर्ट के अनुसार, किम जोंग उन ने उत्तर कोरिया के पूर्वी तट पर 12 अति-सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण का जायजा लिया। दक्षिण कोरियाई सेना ने भी पुष्टि की है कि शनिवार को लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइलें पूर्वी सागर की ओर दागी गईं। किम जोंग उन ने इस परीक्षण के बाद कड़े शब्दों में चेतावनी दीः "यह हथियार 420 किलोमीटर (260 मील) की मारक क्षमता के भीतर आने वाले दुश्मनों को बेचैन कर देगा। हमारे प्रतिद्वंद्वियों को अब हमारे सामरिक परमाणु हथियारों की विनाशकारी शक्ति का अंदाजा हो जाना चाहिए।"

सरकारी कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि किम ने शनिवार को उत्तर कोरिया के पूर्वी तट के पास 12 अति-सटीक 600 मिमी कैलिबर के रॉकेट प्रक्षेपकों के परीक्षण को देखा। दक्षिण कोरिया की सेना ने शनिवार को जानकारी दी थी कि उत्तर कोरिया ने शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने इन प्रक्षेपणों को ऐसा उकसावे वाला कदम बताया जो उत्तर कोरिया की किसी भी बैलिस्टिक गतिविधि पर रोक लगाने संबंधी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करता है।

केसीएनए ने किम के हवाले से कहा कि यह अभ्यास 420 किलोमीटर (260 मील) की मारक क्षमता के भीतर आने वाले दुश्मनों को बेचैन कर देगा और उन्हें हमारे ह्यह्यसामरिक परमाणु हथियार की विनाशकारी शक्ति अच्छे से समझह्यह्य आ जाएगी। उनका इशारा संभवतः दक्षिण कोरिया और दक्षिण कोरिया में तैनात अमेरिकी सैनिकों की ओर था। केसीएनए के अनुसार, किम ने कहा, ह्यह्यअगर इस हथियार का इस्तेमाल किया जाता है, तो इसकी मारक क्षमता के दायरे में आने वाला प्रतिद्वंद्वी का सैन्य बुनियादी ढांचा किसी भी तरह बच नहीं सकता।

केसीएनए की तस्वीरों में किम और उनकी बेटी विशाल जैतूनी-हरे रंग के प्रक्षेपण ट्रकों के पास चलते हुए और उनसे दागे जा रहे हथियारों को देखते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसा बताया जाता है कि किम जोंग उन की बेटी किम जू ऐ की आयु लगभग 13 साल है ।

# 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य सिर्फ.US और इजराइली जहाजों के लिए बंद'



**न्यूयॉर्क**

पश्चिम एशिया में युद्ध की आग अब वैश्विक अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा माने जाने वाले हॉर्मुज जलडमरूमध्य (र३१ं३ ड्ढा लङ्ग१४९) तक पहुँच गई है। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शनिवार को एक बड़ा बयान देते हुए घोषणा की है कि यह संकरा समुद्री मार्ग अब अमेरिका और इजराइल के जहाजों के लिए पूरी तरह बंद रहेगा।

पश्चिम एशिया में संघर्ष तब शुरू हुआ जब अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी को ईरान पर एक बड़ा सैन्य हमला किया, जिसमें 86 वर्षीय सर्वोच्च नेता अली खामेनेई मारे गए। इसके जवाब में, ईरान ने उन कई खाड़ी देशों पर हमला किया जहाँ अमेरिकी सैन्य अड्डे मौजूद थे, इस घटना से वैश्विक विमानन परिचालन और तेल की कीमतों पर असर पड़ा, और एक बड़े ऊर्जा संकट की आशंका पैदा हो गई।

अराघची ने कहा, "असल में, हॉर्मुज जलडमरूमध्य खुला है।" न्यूयॉर्क पोस्ट के हवाले से टर ठडह को दिए एक बयान में अराँची ने कहा, "यह सिर्फ.हमारे दुश्मनों---यानी हम पर हमला करने वालों और उनके सहयोगियों---के टैंकरों और जहाजों के लिए बंद है। बाकी सभी को वहाँ से गुजरने की पूरी आजादी है।" उन्होंने आगे कहा, "मैं यह कह सकता हूँ कि यह जलडमरूमध्य पूरी तरह से बंद नहीं है; यह सिर्फ. अमेरिकी और इजराइली जहाजों और टैंकरों के लिए बंद है, बाकी किसी के लिए नहीं।" अराघची ने बताया कि कई जहाज "सुरक्षा संबंधी चिंताओं" के चलते इस रास्ते से गुजरना "पसंद नहीं करते," ।

# नेतन्याहू की मौत की अफवाहों पर इजरायल ने तोड़ी चुप्पी, कहा- वह सुरक्षित है, लेकिन 'छठी उंगली' ने बढ़ाया सस्पेंस

**इजरायल,**

**इजरायल,** अमेरिका और ईरान के बीच जारी त्रिकोणीय युद्ध के बीच शनिवार को सोशल मीडिया पर उस समय हड़कंप मच गया जब इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या की खबरें वायरल होने लगीं। हालांकि, प्रधानमंत्री कार्यालय ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। तुर्की की 'अनादोलू एजेंसी' द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में नेतन्याहू के दफ़्तर ने दो टूक कहा- "ये महज फेक न्यूज हैं; प्रधानमंत्री बिल्कुल ठीक हैं और अपना काम कर रहे हैं।" लेकिन इस स्पष्टीकरण के बावजूद इंटरनेट पर एक नई बहस छिड़ गई है, जिसके केंद्र में नेतन्याहू का हालिया वीडियो संदेश है। इस वीडियो में वह इजरायल, अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दिख रहे थे। वीडियो पोस्ट होने के कुछ ही देर बाद, कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने दावा किया कि जब नेतन्याहू भाषण के दौरान कुछ देर के लिए अपना दायाँ हाथ ऊपर उठाते हैं, तो उनके हाथ में छह उंगलियाँ दिखाई देती हैं।

वीडियो के लगभग 35वें सेकंड पर, छोटी उंगली के पास मांस का एक अतिरिक्त टुकड़ा दिखाई देता है, जिसे कुछ यूजर्स ने छठी उंगली मान लिया। उन्होंने इसे "क्लासिक अक फिंगर ग्लिच" बताया, जो अक्सर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनी तस्वीरों में देखने को मिलता है।

ये अटकलें तब और बढ़ गईं जब अमेरिकी कंजर्वेटिव कमेंटेटर कैंडिस ओवेन्स ने '' पर इस बारे में सवाल उठाए। उन्होंने नेतन्याहू को उनके निकनेम "बीबी" से संबोधित करते हुए लिखा, "बीबी कहाँ हैं? उनका दफ़्तर उनके फेक अकवीडियो क्यों जारी कर रहा है और फिर उन्हें डिलीट क्यों कर रहा है? और व्हाइट हाउस में इतनी अफरा-तफरी क्यों मची हुई है?"

दूसरे यूजर्स ने वीडियो क्लिप के बैकग्राउंड में दिख रही कुछ और चीजों पर भी ध्यान दिलाया। जैसे कि पर्दे हिल रहे थे।

# कूटनीतिक संबंधों के नए युग की शुरूआत

**वेनेजुएला**

**वेनेजुएला** में अमेरिकी दूतावास पर शनिवार को 2019 के बाद पहली बार अमेरिकी ध्वज फहराया गया। यह कदम जनवरी में वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी सैनिकों द्वारा पकड़े जाने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंधों में आए हालिया बदलाव को दर्शाता है। अमेरिकी दूतावास के खुलने का घटनाक्रम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मादुरो की उत्तराधिकारी, कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज के समर्थन में दिए गए कई बयानों के बाद हुआ है। दूतावास की टीम ने सोशल मीडिया चैनलों पर एक बयान में कहा कि झंडा ह्यह्यउतारे जाने के ठीक सात साल बाद इसे फिर से फहराया गया। इस बदलाव की नींव इस साल जनवरी में पड़ी, जब एक नाटकीय सैन्य घटनाक्रम में अमेरिकी सैनिकों द्वारा वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ा गया।

# 'जिंदा हैं तो भी मार डालेंगे', खाड़ी देशों में भारी बमबारी

**ईरान**

**मध्य** पूर्व में छिड़ा युद्ध अब एक बेहद व्यक्तिगत और घातक मोड़ पर आ गया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को सीधे तौर पर जान से मारने की धमकी दी है। ईरान की अर्ध-सरकारी 'फार्स न्यूज एजेंसी' के अनुसार, क्क्र्क्रढ्ढ ने कसम खाई है कि वे नेतन्याहू का पीछा तब तक करेंगे जब तक उन्हें खत्म नहीं कर देते।

"अगर वह जिंदा है, तो हम उसे मार डालेंगे"

इजराइली पीएम की मौत की अफवाहों के बीच क्क्र्क्रढ्ढ का यह बयान काफी आक्रामक है। बयान में कहा गयाः"अगर इजराइली प्रधानमंत्री (नेतन्याहू) अभी भी ज़िंदा हैं, तो हम उनका पीछा करना जारी रखेंगे और उन्हें अपनी पूरी ताकत से मार डालेंगे।" यह धमकी उन दावों के बाद आई है जिसमें नेतन्याहू के एक वीडियो को अक जनित (ॠस्त्रां ी) बताया गया था। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने दावा किया कि वीडियो में नेतन्याहू की 'छठी उंगली' दिख रही है, जो अक ग्लिच का संकेत है। हालांकि, इजराइली पीएमओ ने इन दावों को 'फेक न्यूज' करार देते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री पूरी तरह ठीक हैं।

अनादोलु एजेंसी के एक सवाल के जवाब में, प्रधानमंत्री कार्यालय ने इन रिपोर्टों को खारिज करते हुए कहा, "ये फेक न्यूज हैं; प्रधानमंत्री पूरी तरह ठीक हैं"।

यह अटकलें तब शुरू हुईं जब शुक्रवार को नेतन्याहू ने अपने '' (पहले ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह इजराइल-अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे संकट को लेकर एक प्रेस



कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे थे।

वीडियो पोस्ट किए जाने के कुछ ही समय बाद, कुछ यूजर्स ने दावा किया कि जब नेतन्याहू ने कुछ देर के लिए अपना दाहिना हाथ ऊपर उठाया, तो उन्हें उनके हाथ में छह उंगलियाँ जैसी कोई चीज दिखाई दी।

वीडियो में लगभग 35 सेकंड के समय पर, छोटी उंगली के पास मांस का एक छोटा सा अतिरिक्त टुकड़ा दिखाई दिया, जिसे कुछ दर्शकों ने छठी उंगली मान लिया। उन्होंने यह भी कहा कि यह अक(आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) से बनी किसी इमेज में आने वाली एक आम तकनीकी गड़बड़ी हो सकती है। ये अफवाहें तब सामने आईं जब 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों के बाद इस क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया था।

रिपोर्ट के अनुसार, IRGC ने यह भी बताया कि इन हमलों में इराक के एरबिल स्थित अल-हरीर हवाई अड्डे के साथ-साथ कुवैत के अली अल-सलेम और आरिफजान ठिकानों को निशाना बनाया गया था। फार्स न्यूज एजेंसी द्वारा जारी एक बयान में, IRGC ने दावा किया कि इन ठिकानों पर "ईरान की शक्तिशाली मिसाइलों और ड्रोनों" से हमला किया गया था।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# जेलेंस्की की पेशकश पर भड़के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप , बोले- तुम्हारी मदद नहीं चाहिए

**अमेरिका**

**मिडिल** ईस्ट में गहराते युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के रिश्तों में कड़वाहट बढ़ती दिख रही है। जेलेंस्की ने हाल ही में अमेरिका और उसके सहयोगियों को ईरानी 'शाहिद' ड्रोन्स को गिराने में मदद की पेशकश की थी। उन्होंने कहा था कि यूक्रेन के पास रूसी हमलों के दौरान इन ड्रोन्स को रोकने का बड़ा अनुभव है, जिसे वे कतर, सऊदी अरब और यूएई जैसे देशों के साथ साझा करने के लिए अपनी टीमें भी भेज चुके हैं।

जेलेंस्की की मदद की जरूरत नहीं

शनिवार, 14 मार्च को एनबीसी न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में ट्रंप ने जेलेंस्की के इस प्रस्ताव को सीधे तौर पर खारिज कर दिया। ट्रंप ने तीखे शब्दों में कहा, 'हमें उनकी मदद की जरूरत नहीं है।' उन्होंने आगे यहां तक कह दिया कि जेलेंस्की आखिरी व्यक्ति हैं जिनसे वे मदद मांगना चाहेंगे। ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका के पास दुनिया की सबसे बेहतरीन ड्रोन तकनीक है और वे इसे संभालने में सक्षम हैं। इसके साथ ही ट्रंप ने जेलेंस्की की आलोचना करते हुए उन्हें 'डील करने में मुश्किल' इंसान बताया और कहा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन तो समझौते के लिए तैयार हैं, लेकिन जेलेंस्की नहीं।

ईरान की यूक्रेन को धमकी

जेलेंस्की की इस पेशकश पर ईरान ने भी कड़ा रुख अपनाया है। एक ईरानी



राजनेता ने चेतावनी दी है कि यदि यूक्रेन ने ईरानी ड्रोन्स के खिलाफ तकनीक या विशेषज्ञों की मदद दी, तो पूरा यूक्रेन ईरान के लिए एक 'वैध और कानूनी सैन्य लक्ष्य' बन जाएगा। ईरान का आरोप है कि कीव प्रशासन इस युद्ध में सीधे तौर पर अमेरिका और इजराइल का साथ दे रहा है।

तेल संकट के बीच रूस पर नरम पड़े ट्रंप

होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से दुनिया भर में तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। इस संकट से निपटने के लिए ट्रंप प्रशासन ने एक बड़ा फैसला लेते हुए रूसी तेल पर लगे कुछ प्रतिबंधों को अस्थायी रूप से हटा दिया है। ट्रंप ने कहा, 'मैं दुनिया के लिए तेल चाहता हूं।' हालांकि, उन्होंने यह साफ किया कि जैसे ही मिडिल ईस्ट का संकट खत्म होगा, ये प्रतिबंध वापस लागू कर दिए जाएंगे।

होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ता खतरा

ईरान के 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अमेरिका, इजराइल और यूरोपीय देशों के जहाजों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया है।

ईरान ने चेतावनी दी है कि वहां से गुजरने की कोशिश करने वाले जहाजों को जला दिया जाएगा। हालांकि, 10 मार्च को ईरान ने एक शर्त रखी कि वह केवल उन्हीं अरब या यूरोपीय देशों को रास्ता देगा, जो अपने यहां से अमेरिकी और इजराइली राजदूतों को बाहर निकाल देंगे। गौरतलब है कि दुनिया का 20% तेल इसी रास्ते से गुजरता है, जिसके बंद होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ रहा है।